संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 129 मंगलवार 11 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# राज ठाकरे के गंगाजल बयान पर सियासी संग्राम

## बीजेपी मिनिस्टर ने कहा-हिंदू धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं



**मुंबई,10 मार्च 2025(ए)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे की गंगाजल और महाकुंभ पर टिप्पणी से सियासी हलचल तेज हो गई है। उनके बयान पर प्रहार करते हुए भाजपा के नेता और महाराष्ट्र में मंत्री नितेश राणे ने ठाकरे को आड़े हाथों लिया।. उन्होंने कहा कि गंगा की सफाई को लेकर पीएम मोदी की सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं लेकिन राज ठाकरे को इसकी पूरी जानकारी नहीं है।

### ठाकरे पर हिंदू धर्म का अपमान करने का आरोप भी लगाया

बीजेपी नेता नितेश राणे का पलटवार बीजेपी विधायक नितेश राणे ने कहा कि राज ठाकरे को कम जानकारी है कि मोदी सरकार ने गंगा को स्वच्छ करने के लिए कितने प्रयास किए हैं।. हिंदू धर्म का अपमान करने का अधिकार किसी को नहीं है। मैं खुद महाकुंभ में गया हूं और मेरी मां भी मेरे साथ थीं लेकिन इससे हमें कोई नुकसान नहीं हुआ। राणे ने ठाकरे की टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे केवल हिंदू परंपराओं पर सवाल उठाते हैं. जबकि अन्य धार्मिक प्रथाओं पर चुप्पी साधे रहते हैं।

### उद्धव ठाकरे पर भी साधा निशाना

नितेश राणे ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्हें अल्लाह-हू-अकबर कहना बंद करना चाहिए। तभी उन्हें सही स्थिति समझ में आएगी. उन्होंने कहा कि हम जय श्री राम के साथ जय भवानी भी बोलते हैं लेकिन उद्धव ठाकरे को यह बात समझ नहीं आती।

### बकरीद पर सवाल क्यों नहीं उठते ?

राणे ने कहा कि राज ठाकरे ने कभी बकरीद को लेकर सवाल क्यों नहीं उठाए? बकरीद के दौरान बड़ी मात्रा में खून नदियों और पानी में जाता है.। लेकिन इस पर कोई कुछ नहीं कहता. हिंदू धर्म से जुड़े हर मुद्दे पर सवाल उठाना ही क्यों जरूरी है? रमजान के दौरान मोहम्मद अली रोड की स्थिति देखिए।. वहां किस तरह की गंदगी होती है. लेकिन इस पर कोई आवाज नहीं उठाता।

### राज ठाकरे ने क्यों दिया विवादित बयान ?

राज ठाकरे ने हाल ही में मनसे की स्थापना के 19 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में महाकुंभ और गंगाजल की पवित्रता पर सवाल उठाए थे. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर महाकुंभ से गंगाजल लेकर आए थे लेकिन उन्होंने उसे पीने से इनकार कर दिया.। ठाकरे ने कहा कि मैंने सोशल मीडिया पर गंगा नदी की स्थिति के कई वीडियो देखे हैं। जिनमें लोग नदी में नहाते हुए और शरीर खुजलाते हुए नजर आ रहे हैं ऐसे में भला यह पानी पीने लायक कैसे हो सकता है?

### महाकुंभ को लेकर भी उठाए सवाल

राज ठाकरे ने कहा कि अगर लाखों लोग गोदावरी नदी में स्नान करेंगे तो क्या कोई उस पानी को पीएगा? उनकी इस टिप्पणी के बाद हिंदू संगठनों और संत समाज ने नाराजगी जताई। भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन शास्त्रों के आधार पर किया जाता है और इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी होते हैं। उन्होंने ठाकरे की टिप्पणी को हिंदू धर्म के खिलाफ बताया और उनकी कड़ी आलोचना की।

### गंगाजल पर क्या यह विवाद आगे बढ़ेगा ?

राज ठाकरे के बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। मनसे प्रमुख के इस बयान से बीजेपी और शिवसेना के बीच सियासी बयानबाजी और बढ़ सकती है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और विवाद देखने को मिल सकता है।

### कोई भी नदी पूरी तरह साफ नहीं...

मनसे प्रमुख ने आगे कहा कि भारत में कोई भी नदी पूरी तरह स्वच्छ नहीं है।. उन्होंने कहा कि जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे तब से मैं सुनता आ रहा हूं कि गंगा जल्द ही साफ हो जाएगी।. लेकिन यह बस एक मिथक बनकर रह गया है. अब इस भ्रम से बाहर आने का समय आ गया है।

## महत्वपूर्ण खबर

### अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा



**गांधीनगर में अमित शाह ने किया एलान**

**अहमदाबाद,10 मार्च 2025(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में मिथिलांचल और बिहार के लोगों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का केंद्र रहा है। अहमदाबाद में 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' को संबोधित करते हुए अमित शाह ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाने का भी वादा किया।

### ब्लूटूथ डिवाइस से परीक्षा में नकल कराने वाले दो गिरफ्तार

**4 लाख रुपये का था सौदा**

**नोएडा,10 मार्च 2025(ए)।** नोएडा पुलिस ने एक बड़ी धांधली का पर्दाफाश किया है। आरपीएफ कांस्टेबल की लिखित परीक्षा के दौरान ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मदद से नकल कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक परीक्षार्थी और एक निजी कंपनी का कर्मचारी शामिल है।



### औरंगजेब की कब्र एएसआई के अधीन



**कानून के तहत होगी कार्रवाई:देवेंद्र फडणवीस**

**मुंबई,10 मार्च 2025(ए)।** देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए औरंगजेब की कब्र को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह सवाल केवल उनकी सरकार का नहीं, बल्कि सभी लोगों का है कि औरंगजेब की कब्र हटाई जानी चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में कुछ काम कानून के हिसाब से करना होता है, क्योंकि यह कब्र कांग्रेस के शासनकाल में संरक्षित की गई थी और उस समय से ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का संरक्षण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को प्राप्त है।

### जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने दी जान,मचा हड़कंप

**गाजियाबाद,10 मार्च 2025(ए)।** गाजियाबाद से जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना नोएडा के सेक्टर-75 स्थित एपेक्स सोसाइटी की है। डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। आत्महत्या की वजह कैंसर की अंतिम स्टेज और लंबे समय से चल रहा तनाव बताया जा रहा है।



### अदालत में रो पड़ीं एक्ट्रेस

**अधिकारियों पर लगाया चौंकाने वाला आरोप**

**हैदराबाद,10 मार्च 2025(ए)।** दुबई से सोना तस्करी कर बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़ी गई कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत में सुनवाई के दौरान रन्या ने राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न और गाली देने का आरोप लगाया। इस दौरान वह कोर्ट में रो पड़ीं जबकि अधिकारियों ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया है और कहा कि एक्ट्रेस जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। हाई-प्रोफाइल सोना तस्करी मामले में गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को आर्थिक अपराध की स्पेशल कोर्ट ने अभिनेत्री को पेश किया गया था, जहां से एक्ट्रेस को 24 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



## डायबिटीज के मरीजों के लिए बड़ी खबर

# 9 रुपए में मिलेगी 60 वाली दवा

» **देश में 10 करोड़ से ज्यादा मरीज...**

» **कब से होगी बाजार में उपलब्ध...**

**नई दिल्ली,10 मार्च 2025(ए)।** भारत में डायबिटीज से जूझ रहे करोड़ों मरीजों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है. अब तक महंगे दामों पर मिलने वाली ब्लॉकबस्टर दवा एम्पाग्लिफ्लोज़िन जल्द ही घरेलू दवा कंपनियां बेहद सस्ते दामों पर बेचेंगी। अब तक जिस दवा की कीमत 60 रुपए प्रति टैबलेट थी, वह 11 मार्च से केवल 9 रुपए में मिलेगी।



11 मार्च को जर्मन दवा कंपनी बोहरिंगर इंगेलहाइम का पेटेंट खत्म होने वाला है। इसके साथ ही भारतीय कंपनियां इसे अपने ब्रांड के तहत लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इनमें मैनकाइंड फार्मा, टॉरेंट,अल्केम, डॉ. रेड्डी और ल्यूपिन जैसी प्रमुख दवा निर्माता कंपनियां शामिल हैं। खास बात यह है कि मैनकाइंड फार्मा इस दवा को इनोवेटर कंपनी की मुकाबले 90 फीसदी कम दाम पर बेचने की तैयारी कर रहे हैं।

### डायबिटीज के लिए सबसे कारगर दवाई

मधुमेह और इससे जुड़ी अन्य बीमारियों जैसे हृदय रोग और क्रॉनिक किडनी डिजीज के इलाज में इस दवा का उपयोग किया जाता है। भारत में 10.1 करोड़ से अधिक लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, और अधिकतर लोग अपनी जेब से दवा का खर्च वहन करते हैं। ऐसे में दवा की कीमत में यह बड़ी गिरावट मरीजों के लिए राहत लेकर आएगी। विशेषज्ञों के अनुसार, एम्पाग्लिफ्लोज़िन का उपयोग हार्ट फेलियर को रोकने, किडनी की खराबी को धीमा करने के लिए किया जाता है। हालांकि, इसकी ऊंची कीमत के कारण अब तक यह सीमित मरीजों तक ही पहुंच पा रही थी। अब जब भारतीय कंपनियां इसे कम कीमत पर पेश कर रही हैं, तो यह लाखों लोगों के लिए एक वरदान साबित होगी।



### राहुल गांधी ने संसद में उठाया वोटर लिस्ट का मामला

**गाजियाबाद,10 मार्च 2025 (ए)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत आज से हुई, लेकिन सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने मणिपुर हिंसा और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन सदन में लगातार नारेबाजी जारी रही। लोकसभा में राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल उठ रहे हैं और इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मतदाता सूची में कथित हेराफेरी से लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है।

संसद में भाषा विवाद भी गर्माया, जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके पर हमला बोलते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और केवल भाषा की राजनीति कर रही है। उन्होंने डीएमके पर बेईमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं और केवल अवरोध पैदा कर रहे हैं। इस पर डीएमके सांसदों ने कड़ा विरोध जताया, जिससे लोकसभा की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

इसी दौरान बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने भी डीएमके पर निशाना साधते हुए कहा कि तमिल सबसे पुरानी भाषा हो सकती है, लेकिन संस्कृत उससे भी पुरानी है। उन्होंने कहा कि देशभर के मंदिरों में संस्कृत में ही पूजा होती है और डीएमके केवल भावना भड़काने का काम कर रही है।

मणिपुर हिंसा और ट्रंप प्रशासन से भारत के कूटनीतिक रुख को लेकर भी संसद में तीखी बहस की संभावना जताई जा रही है। सरकार की प्राथमिकता इस सत्र में बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, अनुदान मांगों को मंजूरी दिलाने और वक्फ संशोधन विधेयक पारित कराने पर रहेगी।



### ललित मोदी को तगड़ा झटका

**वानुआतु सरकार ने पासपोर्ट रद्द करने के दिए आदेश**

**नई दिल्ली,10 मार्च 2025(ए)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्थापक ललित मोदी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। दक्षिण प्रशांत महासागर के देश वानुआतु ने उनकी नागरिकता और पासपोर्ट को रद्द करने का निर्णय लिया है। वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने सोमवार को नागरिकता आयोग को यह निर्देश जारी किया।

### महू में चैंपियंस ट्रॉफी जश्न के दौरान हिंसा



**पेट्रोल बम फेंके, दुकानें भी जलाई**

**भोपाल,10 मार्च 2025(ए)।** इंदौर के नजदीकी शहर महू में चैंपियंस ट्रॉफी जीत के जश्न ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार रात भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जुलूस निकाल रहे लोगों पर अचानक पथराव हुआ, जिसके बाद दो गुट आपस में भिड़ गए। हालात बेकाबू होने पर पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। सोमवार सुबह तक स्थिति नियंत्रण में आ सकी।

### एसयूवी और ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत



**हादसे में 8 की मौत,14 घायल हुए**

**सीधी,10 मार्च 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 8 लोगों की जान चली गई और 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह भीषण दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर सीधी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपनी गांव के पास हुई।

हादसा देर रात करीब 2:30 बजे हुआ, जब एक एसयूवी, जिसे स्थानीय तौर पर तूफान गाड़ी कहा जाता है, एक ट्रक से आमने-सामने टकरा गई। एसयूवी में सवार 22 लोग मटिहनी गांव से एक बच्चे का मुंडन कराने के लिए मैहर जा रहे थे।

इस हृदयविदारक दुर्घटना में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें 7 ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक घायल ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में प्राण त्याग दिए। दुर्घटना में 14 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।


दुर्भाग्यपूर्ण रूप से, हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग साहू परिवार के सदस्य हैं, जो देवरी और पंडरिया, बहरी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों में 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। तूफान वाहन में कुल 22 लोग सवार थे, जो मटिहानी से मुंडन के लिए निकले थे। इस दुखद घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है।

### तनिष्क ज्वेलरी में 25 करोड़ की लूट

**तनिष्क ज्वेलरी शोरूम को बनाया निशाना...**

**आरा,10 मार्च 2025(ए)।** बिहार के आरा शहर में अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शहर के गोपाली चौक स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम से करीब 25 करोड़ रुपये के गहनों की लूट कर अपराधी फरार हो गए। 8-10 बदमाशों ने 30 मिनट तक शोरूम में तांडव मचाया और कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूटपाट की। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

लूट की यह वारदात शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि बदमाश दो-दो के ग्रुप में शोरूम में घुसे और अंदर जाते ही हथियार निकालकर सभी को धमकाया। उन्होंने स्टाफ को बंधक बना लिया और शोरूम में रखे सोने, चांदी और हीरे के गहनों को बैग में भरकर फरार हो गए।



तनिष्क शोरूम की सेल्स गर्ल सिमरन ने बताया कि लूट की आशंका होते ही उन्होंने डायल 112 पर फोन किया। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग गए।

## संपादकीय

# तकनीक में देरी तकनीक से इनकार है...

भारत को अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) क्षेत्र में गहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की व्यापक कमजोरियों को दर्शाता है। वैश्विक नवाचार सूचकांक 2024 में 39वें स्थान पर, भारत का अनुसंधान एवं विकास खर्च 2009-10 में सकल घरेलू उत्पाद का 0.83 प्रतिशत से घटकर आज मात्र 0.64 प्रतिशत रह गया है। निजी क्षेत्र का निवेश, जिसे कभी नवाचार का संभावित चालक माना जाता था, लगातार कम हो रहा है, जिससे संकट और बढ़ गया है। भारत वैश्विक अनुसंधान एवं विकास व्यय में सिर्फ 2.9 प्रतिशत का योगदान देता है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका (24.8 प्रतिशत) और चीन (22.8 प्रतिशत) से काफी पीछे है। यह लगातार कम निवेश तकनीकी आत्मनिर्भरता को कमजोर करता है और विदेशी आयात पर निर्भरता बढ़ाता है। साहसिक सुधारों और निजी क्षेत्र की मजबूत भागीदारी के बिना, वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्ति बनने की भारत की आकांक्षाएं मायावी बनी रहेंगी। क्वांटम कंप्यूटिंग में आगे निकलने के लिए संघर्ष क्वांटम कंप्यूटिंग तकनीकी नवाचार के अत्याधुनिक पहलुओं का प्रतिनिधित्व करता है, जो अभूतपूर्व प्रसंस्करण शक्ति और एन्क्रिप्शन और साइबर सुरक्षा को बाधित करने की क्षमता प्रदान करता है। जबकि अग्रणी वैश्विक खिलाड़ियों ने इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश किया है, भारत की प्रगति सुस्त रही है। 2010 के उत्तरार्ध से, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ ने क्वांटम अनुसंधान पर अपना दबदबा बनाया है, जो सामूहिक रूप से .40 बिलियन से अधिक के कुल निवेश का अधिकांश हिस्सा है। 2016 में क्वांटम तकनीक को राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित करने के बाद, अकेले चीन ने 2022 तक .15.3 बिलियन का निवेश करने का वादा किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने राष्ट्रीय क्वांटम पहल अधिनियम (2018) के माध्यम से, निजी क्षेत्र के महत्वपूर्ण योगदान के साथ, अवर्गीकृत निधि में 2.7 बिलियन आवंटित किए हैं। इसकी तात्कालिकता को समझते हुए, भारत ने 2023 में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन शुरू किया, जिसमें 2023-2031 के लिए 6,000 करोड़ रुपये (लगभग .720 मिलियन) निर्धारित किए गए।

**11 मार्च मेले पर विशेष**

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम




रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।






ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ। एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैचौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है।

प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने यहां के मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है। जिसका लाभ भी श्रद्धालुओं को ही मिलेगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## घुमंतू गीत सीरीज

# अंग्रेजी प्रेम





प्रियंका अग्निहोत्री गीत
काशी,उत्तर प्रदेश

दोस्तों,यह एक अजीब विडंबना है कि हमारे इर्द गिर्द जन्म से भारतीय कर्म से अंग्रेज लोग अक्सर देखने मिल जाते हैं। आज एक चटपटा किस्सा एक ऐसे ही व्यक्ति के बारे में!!

बात उन दिनों की है जब मैं 12 वीं की छात्रा थी, विज्ञान मेरा विषय था, और कक्षा की सबसे धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने वाली विद्यार्थी मैं ही थी। एक कारण तो मेरे पिताजी ही थे, जिनकी अंग्रेजी बहुत उम्दा थी, दूसरी मेरी प्रिय अध्यापिका आदरणीय बिंदु मैम जो हमें अंग्रेजी पढ़ती थीं, तो उन्होंने इतने सुगम ढंग से हमें पढ़ाया कि उस में कहीं गलती की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। फिर भी मुझे हिंदी शुरू से ही अंग्रेजी से कहीं अधिक प्रिय रही है। बचपन से घर का वातावरण शुद्ध हिंदी वार्तालाप वाला रहा, और फिर अपनी भाषा तो अपनी ही होती है वाला भाव! मेरी माँ महिलाओं के लिए एक सफल जिम चलाती थीं, जिसमें एक अनीता दीदी नामक सदस्य थीं, जो अंग्रेजी में एमए कर रही थीं, जाहिर है व्यवहार में थोड़ा दिखावा तो होगा ही। मैं जानती थी कि वे टूटी फूटी अंग्रेजी बोलती थीं जो व्याकरणसम्मत भी नहीं होती थी, पर उनके शो शा के तो क्या ही कहने ! एक दिन मेरी एक सहपाठी मुझसे रसायन शास्त्र पढ़ने आयी हुई थी, चूँकि उसकी अंग्रेजी कमजोर थी मैं उसे हिंदी में सारी रासायनिक अभिक्रिया समझा रही थी। तभी वहां अनीता दीदी आ गयीं, और पूछने लगीं, तुम हिंदी स्कूल में हो क्या? मैंने कहा, नहीं, इंग्लिश मीडियम में! तो तुम केमिस्ट्री हिंदी में क्यों पढ़ा रही हो?

मुझे उनका ये सवाल अजीब ही लगा। फिर मैंने कहा, क्योंकि ये कोई ऑफिस या स्कूल भी नहीं है, और हम दोनों ही को हिंदी अच्छी तरह से समझ में भी आती है! तो अंग्रेजी कि ज़रुरत महसूस नहीं होती।

उन्हें शायद लगा हो कि मुझे अंग्रेजी आती ही नहीं इसलिए मैं बहाने बना रही हूँ। उन्होंने फिर व्यंग में मुझसे कहा, सी आई एम स्टिल टॉकिंग टू यू इन इंग्लिश एंड यू आर स्टिल रिप्लाइंग इन हिंदी (देखो मैं तुमसे अभी भी अंग्रेजी में बात कर रही हूँ, और तुम अब भी हिंदी में जवाब दे रही हो!)मैंने एकदम गंभीरता से कहा, क्योंकि मुझे अभी ज़रुरत नहीं महसूस हो रही! इस पर अनीता दीदी मुझे व्यंगात्मक मुस्कान देकर वहां से चली गयीं। मेरी सहपाठी ने मुझसे कहा, क्या यार प्रियंका, बोलती बंद कर देनी थी, बेईज्जती करवा ली, तुम तो हेड गर्ल हो यार तुम्हें तो इनको इंग्लिश में जवाब देना चाहिए था। निशा! हेड गर्ल स्कूल के लिए न, उसका यहाँ क्या काम? पर वो मेरे जवाब से संतुष्ट न दिखी। उस दिन मेरी सहपाठी ने मुझसे उसको अंग्रेजी सिखाने का आग्रह किया, मैं खुशी-खुशी तैयार भी हो गयी। तो विद्यालय में अंग्रेजी के टिप्स, और घर आकर रसायन शास्त्र की क्लास।

चूँकि मैंने काफी कम उम्र से ही सबकुछ ईश्वर के हाथों सौंपने का एक नियम बना रखा है, इस बार भी ऐसा ही किया। और हमेशा की तरह ईश्वर ने ही जवाब भी दिया। चार दिनों बाद ही जिम में एक केन्याई नागरिक सदस्यता सम्बन्धी पूछताछ के लिए आयीं। मेरी माँ ने मुझे आवाज़ दी, जब तक मैं वहां पहुंची, अनीता दीदी उन्हें अपनी टूटी फूटी शो शा वाली अंग्रेजी में कुछ बातें समझा रही थीं, मैने बेहद विनम्रतापूर्वक उनसे आग्रह किया कि वे अपना सेशन जारी रखें, और मैं उस नीग्रो को अपनी फर्राटेदार अंग्रेजी में सारी चीजें बताने लगी।

उस पूरे दौरान मेरी नजरें अनीता दीदी से कई बार टकरायीं, और उनके हक्का-बक्का चेहरे को आज भी याद करके हँस पड़ती हूँ। मेरी मातृभाषा, मेरी हिंदी, मेरा गौरव है। मुझे कभी भी हिंदी बोलने पर पछतावा नहीं होता, कभी भी नहीं हुआ ! बहुत बार महसूस करती हूँ, कभी न कभी कोई न कोई मुझे निश्चित ही अनपढ़ समझता होगा, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी मातृभाषा मेरी शिक्षा या अशिक्षा कि परिचायक नहीं है, और आज भी मैं आवश्यकता पड़ने पर ही अंग्रेजी का प्रयोग करती हूँ। आज भी शो शा के लिये अंग्रेजी बोलने वाले मिलते ही रहते हैं,और मुझे मन ही मन उनपर हँसी भी आती है! फेयरवेल वाले दिन मेरी उस सहपाठी ने मेरे लिए दो पंक्तियाँ कहीं, जो मैं आज भी नहीं भूली, वेन यू सी पीपल हू आर स्मार्टर दैन यू आर, यू प्रूव यू आर स्मार्टर दैन दे आर आज जब कि एक लेखिका हूँ, संपादक हूँ, अपनी हिंदी की अध्यापिका आदरणीय जयशीला पांडेय जी के प्रति मन ही मन प्रतिदिन असीम आभार व्यक्त करती हूँ।

# राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था।

-रंजन श्रीवास्तव-

# माइक्रोप्लास्टिक्स भोजन,पानी और यहां तक की रोजमर्रा की रसोई की वस्तुओं में पाए जाते हैं



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब



रक्त,फेफड़े,मस्तिष्क में पाए जाने वाले माइक्रोप्लास्टिक्स माइक्रो प्लास्टिक के लिए बोतलबंद की तुलना में सुरक्षित पानी टैप करें प्लास्टिक के कंटेनरों में भोजन गर्म करने से बचें माइक्रोप्लास्टिक्स हर जगह हवा में हम सांस लेते हैं, हम जो पानी पीते हैं, और जो खाना हम खाते हैं। शोधकर्ताओं ने मानव रक्त, फेफड़ों और यहां तक कि मस्तिष्क में ऐसे छोटे प्लास्टिक के टुकड़ों की खोज की है। हालांकि उनसे पूरी तरह से बचना व्यावहारिक रूप से असंभव है, लेकिन हमारे द्वारा ली गई राशि को कम करने के लिए कदम हैं।

ब्रेन मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन हाल ही में माइक्रोप्लास्टिक की खपत को कम करने के आसान उपायों को इंगित करता है। हालांकि हम अभी तक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जानने के लिए सब कुछ नहीं जानते हैं, ये कण हमारे लिए फायदेमंद नहीं हैं। यहां आपके एक्सपोजर को कम करने के लिए कुछ आसान कदम दिए गए हैं।

बोतलबंद पानी के बजाय नल का पानी पिएं वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, माइक्रोप्लास्टिक के सबसे बड़े स्रोतों में से एक बोतलबंद पानी है। यह दिखाया गया है कि एक लीटर बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के 240,000 छोटे टुकड़े हो सकते हैं। ये बड़े पैमाने पर मानव आंख द्वारा पता लगाया जा सकता है की तुलना में छोटे हैं।

नल के पानी में माइक्रोप्लास्टिक भी होता है, लेकिन बहुत कम मात्रा में। एक अच्छा पानी फिल्टर प्लास्टिक मलबे के 90 प्रतिशत तक को खत्म कर सकता है। खपत से पहले पानी उबालना फायदेमंद हो सकता है, लेकिन विशेषज्ञ सावधानी बरतते हैं कि प्लास्टिक के पाइप या कंटेनर गर्म करने से जहरीले रसायनों को मुक्त किया जाता है। अधिकांश देशों में नल का पानी सुरक्षित, अच्छी तरह से नियंत्रित और बोतलबंद पानी की तुलना में एक बेहतर विकल्प है।

### प्लास्टिक के कंटेनरों में भोजन गर्म करने से बचें

कई लोग प्लास्टिक के कंटेनरों में भोजन स्टोर करते हैं और उन्हें माइक्रोवेव में गर्म करते हैं। यह खतरनाक हो सकता है। शोध में पाया गया है कि हीटिंग प्लास्टिक मिनटों के भीतर आपके भोजन में लाखों प्लास्टिक कणों को छोड़ सकता है। इसके बजाय, भोजन को गर्म करने के लिए ग्लास या सिरेमिक का उपयोग करें। संतरे के रस या टमाटर सॉस जैसे अम्लीय खाद्य पदार्थों को प्लास्टिक में न रखें, न ही गर्म भोजन। गर्मी और अम्लता भोजन में अतिरिक्त प्लास्टिक रसायनों को फैलाना बनाते हैं।

### नमक और मसालों से सतर्क रहें...

माइक्रोप्लास्टिक भी आपके नमक और मसालों में गुप्त हो सकता है। 2023 में अनुसंधान ने विभिन्न लवणों का नमूना लिया और हर एक में प्लास्टिक पाया। हिमालयन गुलाबी नमक और काले नमक में सबसे अधिक निहित था,इसके बाद आयोडीन युक्त टेबल नमक कम से कम होता है। यद्यपि नमक हमारे आहार का एक अनिवार्य घटक है, उच्च-गुणवत्ता और कम-परिष्कृत नमक का चयन जोखिम को कम कर सकता है। प्रतिष्ठित स्रोतों से उपयोग करने और खरीदने से पहले मसाले धोने से भी मदद मिलती है।

### ताजा खाद्य पदार्थों के लिए ऑप्ट


अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में ताजे खाद्य पदार्थों की तुलना में अधिक माइक्रोप्लास्टिक का स्तर होता है। एक अध्ययन द्वारा नमूने वाले सभी 16 प्रोटीन युक्त प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक का पता लगाया गया था। समुद्री भोजन, विशेष रूप से ब्रेडेड झींगा, में उच्च माइक्रोप्लास्टिक स्तर भी थे। नियम के अनुसार,आपके भोजन को जितना कम संसाधित किया जाएगा, उतना ही कम माइक्रोप्लास्टिक होगा। ताजा सब्जियां, फल और साबुत अनाज एक बेहतर विकल्प हैं।

### ढीली पत्ती वाली चाय का प्रयोग करें

नायलॉन चाय बैग जैसे प्लास्टिक की चाय की थैलियां गर्म पानी में डूबी होने पर अरबों माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक के कणों को छोड़ती हैं। इसका तात्पर्य यह है कि प्रत्येक कप चाय में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े हो सकते हैं। इसे रोकने के लिए, प्लास्टिक चाय बैग के बजाय ढीली पत्ती वाली चाय का विकल्प चुनें।माइक्रोप्लास्टिक्स हर जगह हैं, लेकिन छोटे बदलाव मदद कर सकते हैं। ताजा भोजन चुनें, कांच या सिरेमिक कंटेनरों का उपयोग करें, और कम जोखिम के लिए फिल्टर किए गए नल का पानी पीएं।

## कविता
## होली का त्यौहार

घटती-घटना



मोनिका डागा
चेन्नई
तमिलनाडु

नफ़रत की दीवार को गिराने का,
रूठों को फिर से गले लगाने का,
आनंद अमृत को यूं बढ़ाने का,
प्रेमरस से सरोबार हो जाने का,
रंग रंगीला है होली का त्यौहार ।
अबीर, गुलाल जमकर उड़ाने का,
रंग पिचकारी भर-भर चलाने का,
हंसी-ठिठोली खूब बिखराने का,
थोड़ी-थोड़ी हुड़दंग मचाने का,
रंग रंगीला है होली का त्यौहार ।
वासंती रंगत सुंदर छिटकाने का,
परम्पराओं को दिल से निभाने का,
चिंताओं को एकदम भुलजाने का,
प्यार दिलों में भरपूर जगाने का,
रंग रंगीला है होली का त्यौहार ।
डफ़, ढोल, नगाड़े मिल बजाने का,
लोकगीतों को मीठा गुनगुनाने का,
मग्न हो मस्ती में झूमने नाचने का,
होरी के रसिया को भी मनाने का,
रंग रंगीला है होली का त्यौहार ।
ठंडी ठंडाई भर-भर पिलाने का,
गुजिया, मेवा, मिष्ठान बनाने का,
कांजी बड़ा स्वादिष्ट खिलाने का,
लाज़वाब लज़ीज़ पकवानों का,
रंग रंगीला है होली का त्यौहार ।
रंग में लबरेज़ जिंदादिल दीवानों का,
खट्टी-मीठी यादों में रम जाने का,
बचपन के पलों को यूं बीताने का,
बेशकीमती प्यारी सी मुस्कानों का,
रंग रंगीला है होली का त्यौहार ।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# युवक ने फेसबुक पर स्टेट्स लगाकर की आत्महत्या,लिखा माई लास्ट डे

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**




फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उसने सोशल मीडिया पर स्टेट्स लगाया था। जिसमें लिखा था 'माई लास्ट डे। सब कोई पता कर आ जाना। अब तो आ जा यार, सीने से लगा जा यार'। सूचना पर दरिमा पुलिस सोमवार की सुबह मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार विद्यासागर विश्वकर्मा (22) दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम सखैली पारा का रहने वाला था। रविवार की रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। सोमवार की सुबह जब वह नहीं उठा तो परिजन ने दरवाजा खटखटाने लगे। तब भी नहीं उठा तो परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो सभी दंग रह गए। विद्यासागर फांसी के फंदे पर लटका मिला। वहीं कमरे में मोबाइल पर सैड सॉन्ग बज रहा था। परिजन ने मामले की जानकारी दरिमा पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त किया है। युवक आत्महत्या करने से पूर्व अपने मोबाइल से फेसबुक स्टेट्स लगाया था। जिसमें लिखा है 'माई लास्ट डे। सब कोई पता कर आ जाना। अब तो आ जा यार, सीने से लगा जा यार'। मामला प्रेम-प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। युवक बीए सेकेंड ईयर तक की पढ़ाई की थी। इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। हालांकि, वो प्राइवेट छात्र के रूप में बीए फाइनल ईयर की परीक्षा की तैयार कर रहा था।

# हर सविधा के बावजूद भी स्वास्थ्य सेवा के प्रति कर्मचारी दिखते हैं संवेदनहीन : डॉ. अनिल शुक्ला

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**



संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें सरगुजा संभाग डॉ. अनिल कुमार शुक्ला द्वारा संभाग में चल रहे विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जिसमें निक्षय निरामया, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, गैर संचारी रोग के स्क्रीनिंग,फाईलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम,बधिरता नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन में शत्प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने की बात रखी गई।

डॉ. अनिल कुमार शुक्ला कहा कि सरगुजा संभाग में स्वास्थ्य को लेकर क्षेत्र की निर्भरता शासकीय अमले पर है। शासकीय कर्मचारियों की पदोन्नति से लेकर वेतन सबंधित विसंगति विगत 3 महीनों में दूर कर दी गयी है। आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद स्वास्थ्य सेवा में कमी स्वास्थ्य कर्मचारियों की संवेदनहीनता दिखाता है जिस पर आने वाले समय में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरगुजा जिले में क्षय रोग उन्मूलित करने के लिए जिले को सर्वाधिक संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। जिसमें 13 नाट की मशीन टीबी कीटाणु की सूक्ष्मतम मात्रा को पहचानने के लिये है। इन मशीनों द्वारा प्रतिदिन 200 से ज्यादा जांच किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। सरगुजा जिले के सभी 439 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किये जाने हेतु जन जागरूकता बढ़ाने व नियमित देखरेख करने के निर्देश दिये हैं। वर्ष 2025 में सरगुजा जिले के 439 ग्राम पंचायत में से 254 ग्राम पंचायत का चयन टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए किया गया है। बैठक में जिला क्षय उन्नमूलन कार्य डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक वनवासी यादव, अभिषेक सिंह, श्रवण खुटे, संजय तांडी, उषा खुटले, राजेश सिन्हा, सिन्नीचंद महंत, ज्ञानेन्द्र शर्मा, विकास जायसवाल, निजिता तिवारी समेत अन्य कर्मचारी सम्मिलित हुये।

# जिला अस्पताल से तीन बाइक की थी चोरी,पुलिस ने किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**

जिला अस्पताल परिसर से चोरी किए गए तीन नग बाइक के साथ मणिपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार शहबाद सिद्दीकी शहर के मोमिनपुरा का रहने वाला है। वह 3 फरवारी को अपनी बहन का इलाज कराने बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 8750 से जिला अस्पताल गया था। वह अस्पताल परिसर में बाइक खड़ी कर बहन का इलाज करवा रहा था। इस दौरान अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दी थी। शहबाद ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की ग्राम लुचकी लालमाटी निवासी रोशन केरकेट्टा बाइक बिक्री के लिए घर में रखा है और ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रोशन केरकेटा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की कुल तीन बाइक बराकद की है। जो आरोपी अलग-अलग समय में जिला अस्पताल परिसर से चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को किया गया सम्मानित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशन में महिला एवं बालविकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार द्वारा जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निरुपा सिंह उपस्थित हुईं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को नारी सशक्तिकरण, समानता, अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता ,शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सुप्रिया वर्मा द्वारा सुमधुर गीत सभ्या शर्मा ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बालविवाह पर आधारित नुक्कड नाटक की प्रस्तुत किया गया। संगीत-सुप्रिया, कला-शिखा, महिला थाना- सुनिता भारद्वाज, सेवाकिटी समूह- स्मिता बानी मुखर्जी, योग शिक्षा-ममता अग्रवाल,ध्यान-नमिता पाण्डेय, कानून-आशा तिवारी, चिकित्सा के क्षेत्र में-डा.भारती परिहार, यूनिसेफ-ममता चौहान को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर की समस्त महिला पार्षद सुमन मनोज कंसारी प्रियंका गुप्ता, श्वेता गुप्ता, विमला सोनी, ममता तिवारी, किरण दीपक सिंह तोमर, ममता तिवारी, तारा पाण्डेयसरिता जायसवाल अरुणा सिंह, किरण सोनी, किरण मिश्रा देवकी त्रिपाठी बबली नेताम, नीलम, प्रियंका चौबे, इन्दु गुप्ता एवं महिला बाल विकास के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष ने केन्द्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से की मुलाकात

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**



छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडवीया से दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तथा टंकराम वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे युवा आयोग के कार्यों से उन्हें अवगत कराया तथा केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में छत्तीसगढ़ की भी भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित हो, ऐसा आग्रह किया। डॉ. मांडवीया ने फिट इंडिया, खेलो इंडिया अभियानों में छत्तीसगढ़ की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा तथा माई भारत पोर्टल में 3,30,000 रजिस्ट्रेशन छत्तीसगढ़ से होने पर बधाई भी दी तथा आगामी कार्यक्रम यूथ पार्लियामेंट में छत्तीसगढ़ की युवाओं की भागीदारी कैसे अधिक से अधिक हो यह सुनिश्चित करने को कहा। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर ने उन्हें यह विश्वास दिलाया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपके द्वारा चलाए जा रहे समस्त कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और एक नए भारत विकसित भारत की ओर हम सब आगे बढ़ेंगे। तोमर ने केंद्रीय मंत्री डॉ मांडवीया से छत्तीसगढ़ से भेजे गए स्टेडियम, मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने हेतु कई प्रस्तावों से उन्हें अवगत कराया, जिस पर उन्होंने जल्द से जल्द स्वीकृति करने की सहमति दी।

# इंजीनियिरिंग के छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जुड़ने किया गया प्रोत्साहित




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**

विश्वविद्यालय इंजीनियरींग कॉलेज में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा उद्यमिता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएन खरे, दीपेन्द्र यादव, एलडीएम सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,विवेक गुप्ता,उप संचालक,ग्रामोद्योग एवं संतोष सिंह, चार्टर्ड एकाउन्टेंट, अंकुर गुप्ता, महाप्रबंधक उपस्थित रहे। इस दौरान महाप्रबंधक, उद्योग द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मूल्य संवर्धन एवं अधिक से अधिक स्वरोजगार उद्योग स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया गया। स्टार्टअप योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। प्राचार्य डॉ. आरएन खरे ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापना के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विभाग के सूर्योदय साहू, देवेन्द्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेसी नेता द्वितेन्द्र मिश्रा के ठिकानों पर आयकर का छापा

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**




कांग्रेसी नेता द्वितेन्द्र मिश्रा के दुकान सहित अन्य ठिकानों पर सोमवार की दोपहर आयकर विभाग की टीम छापेमारी की कार्रवाई की है। छापेमारी की कार्रवाई लगभग देर शाम तक चली। गांधीनगर स्थित कल्याण ट्रेडर्स व श्रृंग कंस्ट्रक्शन कंपनी में छापेमारी की कार्रवाई की गई है। आयकर की इस कार्रवाई से शहर के अन्य बड़े कारोबारियों में हडक़ंप है।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर में संचालित कल्याण ट्रेडर्स पूर्व पार्षद व कांग्रेसी नेता द्वितेन्द्र मिश्रा का है और श्रृंग कंस्ट्रक्शन द्वितेनद्र मिश्रा के करीबी का है। जो पार्टनर द्वारा संचालित है। इनकम टैक्स में गड़बड़ी की शिकायत पर सोमवार की दोपहर आयकर विभाग की टीम ने द्वितेन्द्र मिश्रा के दोनों ठिकानों पर छोमारी की कार्रवाई की है। बिलासपुर से आई आयकर की टीम ने दोपहर करीब 1 बजे से कार्रवाई शुरू की जो देर शाम तक चली। टीम में 12 से 15 लोग शामिल हैं। जो दोनों ठिकानों में अंदर घुसकर इंकम टैक्स से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। द्वितेन्द्र मिश्रा पार्षद भी रह चुके हैं। कुछ दिन पूर्व हुए नगर निगम के चुनाव में उन्हें हार का सामाना करना पड़ा है। वर्तमान में कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हैं। इसके साथ ही पूर्व उपमुख्यमंटी टीएस ङ्क्षसहदेव के करीबी भी हैं। इसके अलावा कल्याण ट्रेडर्स के संचालक हैं। कल्याण ट्रेडर्स बनारस मार्ग स्थित गांधीनगर में संचालित है। आयकर की टीम दोपहर करीब 1 बजे पहुंची और कार्रवाई शुरू की। वहीं कार्रवाई के दौरान कल्याण ट्रेडर्स के बाहर सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच आयकर की टीम ने अंदर कार्रवाई की और दस्तावेजों की जांच की। इस मामले में आयकर विभाग की ओर से कुछ भी नहीं बताया गया है।

# लखनपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई नेहा सन्नी बंसल

## नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू और नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल ने पदभार किया ग्रहण

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**






लखनपुर नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में 10 मार्च दिन सोमवार की सुबह लगभग 12 बजे नगर पंचायत उपाध्यक्ष हेतु चुनाव आयोजित हुआ।

नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू ने नगर पंचायत लखनपुर के छठे कार्यकाल हेतु पदभार ग्रहण किया जहां नगर पंचायत के सीएमओ और कर्मचारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

तत्पश्चात एसडीएम और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के उपस्थिति में उपाध्यक्ष पद समुद्दीन खान और नेहा सनी बंसल ने नामांकन दाखिल किया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद समीउद्दीन खान को 7 वोट मिले तो वही वार्ड क्रमांक 7 केपार्षद नेहा सनी बंसल को 9 वोट मिले दो वोट से नेहा सनी बंसल ने जीत दर्ज करते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष बनी। नेहा सनी बंसल के नगर पंचायत उपाध्यक्ष बनने पर परिवार जनों और भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।



# 1130 लोगों की हत्या के बाद सीरिया में क्या थमेगी हिंसा?

## असद के वफादारों के खिलाफ सैन्य अभियान बंद करने का एलान

» झड़पों और हत्याओं की जांच के लिए स्वतंत्र समिति का होगा गठन

» अहमद अल-शरा ने जिम्मेदारों को जवाबदेह ठहराने की खाई कसम

एपी दमिश्क,10 मार्च 2025। सीरिया में अंतरिम सरकार के सुरक्षा बलों और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर असद के वफादारों के बीच संघर्ष में 1,130 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 830 आम नागरिक हैं। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन आब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने यह जानकारी दी है। इस बीच, सीरिया की अंतरिम सरकार ने सोमवार को असद के वफादारों के खिलाफ सैन्य अभियान की समाप्ति की घोषणा की है।





### अंतरिम राष्ट्रपति ने गठित की समिति

सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने की कसम खाई है। साथ ही झड़पों और हत्याओं की जांच के लिए स्वतंत्र समिति का गठन किए जाने की बात कही है। सीरिया के नए अंतरिम इस्लामवादी शासक देशभर में अपना अधिकार जमाने और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर के कुर्दों और दक्षिणी सीरिया में ड्रूज के साथ राजनीतिक समझौते करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### स्लीपर सेल पर सरकार की निगाहें

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल हसन अब्देल-गनी ने कहा कि असद के वफादारों के लिए हमारा संदेश साफ और स्पष्ट है। अगर आप वापस लौटते हैं तो हम भी लौटेंगे। आप अपने सामने ऐसे लोगों को पाएंगे जो पीछे हटना नहीं जानते और जो उन लोगों पर दया नहीं करेंगे जिनके हाथ निर्दोष लोगों के खून से रंगे हैं। अब्देल गनी ने कहा कि सुरक्षा बल स्लीपर सेल और पूर्व सरकार के वफादारों के विद्रोह से निटपने के लिए आगे भी सतर्कता बरतेंगे।

### उग्रवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया गया

सरकार की जवाबी कार्रवाई से उग्रवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया गया, लेकिन व्यापक अल्पसंख्यक अलावी समुदाय को निशाना बनाकर जवाबी हमला करने के फुटेज सामने आए हैं। अंतरिम सरकार सुन्नी इस्लामिक समूह हयात तहरीर अल-शाम के सदस्यों से बनी है, जिसने दिसंबर में विद्रोह का नेतृत्व किया था और असद को उखाड़ फेंका था।

### अलावी समुदाय से असद का संबंध

असद परिवार अलावी है। इस बीच, जार्डन ने अम्मान में एक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें सुरक्षा, पुनर्निर्माण और शरणार्थी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तुर्किये, इराक, लेबनान और सीरिया के अधिकारियों ने भाग लिया।

# बांग्लादेश में क्या कुछ बड़ा होने वाला, यूनुस के खिलाफ भड़का लड़कियों का गुस्सा

» देशभर में क्यों हो रहे प्रदर्शन?

» छात्राओं ने किया परीक्षाओं का बहिष्कार

» दुष्कर्मियों को सजा देने की उठी मांग

» छात्राएं बोलीं- हम सिर्फ न्याय चाहते हैं



ढाका,10 मार्च 2025। बांग्लादेश में लड़कियों ने मोहम्मद यूनुस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ढाका विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में लड़कियों ने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया। आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद पूरे देश में लोगों का आक्रोश और बढ़ गया।

ढाका विश्वविद्यालय में महिला एवं लिंग अध्ययन विभाग की छात्रा जरीन रफीजा ने कहा कि हम चाहते हैं कि महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म और हिंसा पर तुरंत एक्शन हो। घटना के विरोध में बांग्लादेश में बड़ी संख्या में छात्राओं ने कक्षाओं और परीक्षाओं का बहिष्कार कर दिया है। सड़कों पर छात्राओं का प्रदर्शन जारी है।

### 5 अगस्त का मुद्दा अहम नहीं

जरीन रफीना ने कहा कि हम आज यहां पूरे देश में हो रही हिंसा खासकर महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। हम इस महीने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं। मगर हमने यह भी देखा है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा लंबे समय से चली आ रही है। 5 अगस्त का मुद्दा अभी अहम नहीं है क्योंकि हमें हिंसा का विरोध करना है।

रफीजा ने कहा कि हम बहुत लंबे समय से चुप हैं। सरकार हिंसा को रोकने का कोई कदम नहीं उठा रही है। हमें सिर्फ शब्दों पर भरोसा नहीं है। हम ईमानदारी से एक्शन चाहते हैं। हम इसी वक्त से न्याय की मांग और बदलाव चाहते हैं। मगर मौजूदा समय में हमें कोई उम्मीद नहीं दिख रही है।

### मौत की सजा की उठी मांग

बांग्लादेश के पश्चिमी मगुरा जिले में दुष्कर्म के बाद 8 साल की मासूम जिदंगी की जंग लड़ रही है। गंभीर हालत में उसे राजधानी ढाका के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश है। महिला कार्यकर्ताओं ने बिना देरी दुष्कर्मियों को मौत की सजा देने की मांग की।

बांग्लादेश में महिलाओं का दावा है कि पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद देशभर में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में इजाफा हुआ है। इस पर राफिजा ने कहा कि कानून में सुधार की आवश्यकता है। इसके अलावा लोगों को अपनी मानसिकता भी सुधारनी होगी। रफीजा ने दुष्कर्म की परिभाषा को बदलने की भी मांग की।

पिछले साल जुलाई में आरक्षण के खिलाफ बांग्लादेश में छात्रों का आंदोलन भड़का था। बाद में यह आंदोलन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हो गया। ढाका में हिंसक घटनाओं के बाद 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा के दौरान बांग्लादेश में 1400 से अधिक लोगों की जान गई। शेख हसीना के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। अब यूनुस के खिलाफ छात्राओं का गुस्सा बढ़ रहा है।

# उत्तरी सागर में बड़ा हादसा,दो जहाजों के टकराने से 23 लोगों की मौत,बचाव कार्य शुरू

लंदन,10 मार्च 2025। उत्तरी इंग्लैंड के तट के नजदीक उत्तरी सागर में एक तेल टैंकर और मालवाहक जहाज के बीच सोमवार को जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई। ब्रिटेन के ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के प्रमुख ने बताया कि हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ब्रिटिश आपात सेवा के मुताबिक, हादसे के बाद दोनों जहाजों में आग लग गई। बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है।

ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्टिन बॉयर्स ने बताया कि 13 शवों को विंडकैट 33 जहाज से लाया गया, जबकि 10 अन्य शवों को बंदरगाह पायलट नौका से लाया गया। चालक दल के कुछ सदस्य अब भी लापता हैं।

ब्रिटेन की समुद्री एवं तटरक्षक एजेंसी ने कहा कि कई जीवनरक्षक नौकाएं, एक तटरक्षक बचाव हेलीकॉप्टर, एक तटरक्षक विमान और अग्निशमन क्षमता वाले निकटवर्ती जहाजों को उत्तरी सागर में घटनास्थल पर भेजा गया है।

आरएनएलआई लाइफ बोट एजेंसी के मुताबिक, ऐसी खबरें हैं कि टक्कर के बाद कई लोग जहाज से कूदकर बचने की कोशिश करते पाए गए। इस बीच दोनों जहाजों में आग लग गई। तीन जीवनरक्षक नौकाएं तट रक्षक बल के साथ मिलकर घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य कर रही हैं।

कौन-कौन से जहाजों के बीच टक्कर?

जहाज की निगरानी रखने वाली वेबसाइट वेसल फाइंडर की मानें तो हादसे का शिकार टैंकर अमेरिकी ध्वज वाला रसायन और तेल उत्पाद वाहक एमवी स्टेना इमैक्युलेट है, जो घटना के समय लंगर डाले हुए था। वहीं, मालवाहक जहाज की पहचान 'सोलोंग' के तौर पर की गई है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर रविवार को दो बाइकों की भिड़ंत हो गई थी। हादसे में तीन युवक घायल हो गए थे। जिसमें इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फूल साय पिता कंवर साय पहाड़ी कोरवा उम्र 20 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम चिरगा नावापारा का रहने वाला था। वह रविवार को बाइक से अपने मौसेरे भाई सुरेंद्र के साथ रामनगर गया था। वहां से दोनों वापस लौट रहे थे तभी रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीनों युवक घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने फूल साय को मृत घोषित कर दिया।

# होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान संपन्न

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।



10 मार्च 2025 को होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेजअम्बिकापुर के अर्थशास्त्र विभाग तथा सेन्ट थॉमस महाविद्यालय भिलाई छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान व एमओयू के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सि.शांता जोसेफ के निर्देशन व संरक्षण में अतिथि व्याख्यान ऑनलाइन मोड पर सम्पन्न किया गया। इसका विषय इंडियन नॉलेज सिस्टम एड इंडियन इकोनॉमी रखा गया तथा इस कार्यक्रम की संयोजक डॉकल्पना गुहा विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र रही।सेन्ट थॉमस महाविद्यालय भिलाई छत्तीसगढ़ से फॉदर डॉ आरएस वर्गीज व डॉएमजी रॉयमन के संरक्षण में कार्यक्रम को संपन्न किया गया।इस एक दिवसीय व्याख्यान के विषय विशेषज्ञ डॉ रविन्द्र कुमार ब्रम्हे प्रोफेसर अर्थशास्त्रविभाग पं.रविशंकरशुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ से रहे । इस कार्यक्रम में स्वागत उपरान्त विषय विशेषज्ञ का विस्तार से परिचय डॉ नीना गुप्ता द्वारा दिया गया। डॉ रविन्द्र द्वारा पीपीटी के माध्यम से विषय को विस्तार से बताते हुए बड़े सहज, सरल व रोचक तरीके से उदाहरण सहित वर्णित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉकल्पना गुहा, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉअपर्णा घोष द्वारा गया। कार्यक्रम में सोनी वर्मा, आलोक चक्रवर्ती व इंदुमती ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर डॉ सि.मंजू टोप्पो सहित दोनों महाविद्यालय के शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड में मौजूद रहे ।

# विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन जिला सूरजपुर का चुनाव सम्पन्न : श्रवण साहू बने अध्यक्ष

» 8 मार्च को बिश्रामपुर में हुई चुनावी सभा

» केंद्रीय चुनाव समिति ने कराया चुनाव

» कुबेर दुबे को संगठन सचिव का दायित्व

» विनीता कोषाध्यक्ष, स्माइल बने सचिव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की सूरजपुर जिला शाखा का गठन 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन वितरण उपसंभाग कार्यालय विश्रामपुर प्रांगण में आयोजित सभा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्युत ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 50 से अधिक तकनीकी एवं कार्यालय के कर्मचारी शामिल हुए।

सभा का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। तदुपरांत प्रांतीय महासचिव श्री अजय बाबर जी की धर्मपत्नी अनिता बाबर जी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद सर्वसम्मत विधि से सम्पन्न हुए संगठन चुनाव में श्री श्रवण कुमार साहू (बिश्रामपुर) को जिला शाखा सूरजपुर का अध्यक्ष चुन लिया गया। साथ ही श्री नंदलाल सिंह (प्रतापपुर) एवं संतोष सैनी (रामानुजनगर) उपाध्यक्ष, श्री स्माइल लकड़ा (सूरजपुर) सचिव, श्री कुबेर दुबे (MRT) संगठन सचिव और विनीता सिंह (सूरजपुर) कोषाध्यक्ष चुने गए।




इस क्रम में श्री संजय कुशवाहा और नेहा सिंह को सह सचिव, श्री पृथ्वीरतन तिवारी को कार्यालय सचिव, श्री कमलेश कुमार दहिया को प्रचार सचिव का दायित्व दिया गया। संरक्षक श्री भागवत त्रिपाठी एवं प्रदीप कुमार निषाद तथा संयोजक श्री गोविंद नारायण तिवारी को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कृतलाल साहू भटगांव, हेमसागर सूर्यकांत विश्रामपुर, श्रीराम सिंह पावले प्रेमनगर, जगतपाल सिंह प्रतापपुर, जितेंद्र पैंकरा भंडार संभाग, नवनीत सेन सूरजपुर, विजय एक्का विश्रामपुर, रविकांत राजवाड़े ओड़गी, परमेंद्र कुमार भैयाथान, सीताराम लकड़ा रामानुजनगर, राजकुमार साहू विश्रामपुर, के पी जोगी बिश्रामपुर और ज्योति तिर्की सूरजपुर को स्थान दिया गया है।

जनता यूनियन की केंद्रीय शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा सूरजपुर जिला शाखा गठन के लिए श्री यतींद्र गुप्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष को चुनाव पर्यवेक्षक तथा श्री एच एल पटेल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। आयोजित सभा के मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री जेपी पटेल, अध्यक्ष श्री भागवत त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सदस्य मोहम्मद हनीफ थे।

सभी पदाधिकरियों का चुनाव सर्वसम्मति से सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिसमें ट्रांसमिशन कम्पनी के MRT सम्भग, EHT मेंटेनेंस, 220KV एवं 132 KV उपकेंद्र, सूरजपुर जिले के ओ एंड एम संभाग, परियोजना संभाग, भंडार संभाग सहित रामानुजनगर, प्रतापपुर, भैयाथान, भटगांव, ओड़गी, प्रेमनगर, बिश्रामपुर, धरमपुर, आदि उपसंभाग एवं वितरण केंद्र से महिला पुरुष कर्मचारीगण शामिल रहे।

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिला सदस्य नेहा सिंह, विनीता सिंह, ज्योति तिर्की, पुष्पा सिंह एवं पिंकी कुमारी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सभा में पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

सभा में चयनित पदाधिकरियों के अलावा खिलेश पैंकरा, भैयाराम यादव, राजकुमार साहू, मोहन सिंह, भगत राम, गिरवर पटेल, नरेंद्र सिंह सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वीरतन तिवारी ने किया।

सर्वसम्मत एवं शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए प्रांतीय सचिव श्री जे के श्रीवास्तव (अम्बिकापुर) ने चुनाव समिति का आभार व्यक्त किया तथा नवनियुक्त अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि सरगुजा संभाग के सभी 9 खंड अम्बिकापुर क्षेत्र, अम्बिकापुर शहर, अम्बिकापुर ग्रामीण, बलरामपुर, जशपुर, पत्थलगांव, बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़ तथा सूरजपुर जिले का चुनाव सन्गठन द्वारा पूर्ण करा लिया गया है। जल्द ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# अज्ञात बस की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत




- संवाददाता -
लखनपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम मेन्ड्राकला के पास रविवार की रात सड़क पार करने के दौरान अज्ञात बस ने वृद्ध को टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनराज उम्र 73 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम तुनगुरी का रहने वाला था। वह 9 मार्च को अन्य लोगों के साथ दो अलग-अलग बाइक से ग्राम मुड़ेसा गया था। वहां से रात को सभी वापस लौट रहे थे। रास्ते में मेन्ड्राकला के पास सभी सड़क किनारे होटल में चाय पीने के लिए रूके थे। इस दौरान मनराज सड़क पार कर लघुशंका के लिए जा रहा था। तभी अज्ञात बस ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही,मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

» थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही

» महिला सम्बन्धी अपराधों मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही

- संवाददाता -
लखनपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

प्रार्थिया दिनांक 10 मार्च 2025 कों थाना बतौली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया का जानपहचान 08 माह पूर्व बोझा चौकी खड़गवाँ थाना प्रतापपुर निवासी सुनिल कुमार सोनवानी से हुआ था, जो गाँव मे आता जाता रहता था, इस दौरान आरोपी पीड़िता कों शादी करने की बात बोलकर पत्नी बनाकर रखने की बात बोलता था, कि दिनांक 12/10/24 कों आरोपी प्रार्थिया कों शादी करने का झांसा देकर प्रार्थिया के मना करने के बावजूद भी जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं, आरोपी घटना दिनांक के पश्चात भी दिनांक 03/02/25 तक प्रार्थिया से जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया हैं,और अब शादी करने से इंकार कर रहा हैं, मामले मे पीड़िता के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना बतौली मे अपराध क्रमांक 34/25 धारा 64(2) (एम) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



दौरान विवेचना पीड़िता का कथन लेख कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी सुनिल कुमार सोनवानी कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम सुनिल कुमार सोनवानी आत्मज मंगल साय उर्फ़ तंगू सोनवानी उम्र 22 वर्ष साकिन बोझा चौकी खड़गवाँ थाना प्रतापपुर जिला सूरजपुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर पीड़िता से जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सी.पी.तिवारी, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, महिला आरक्षक मेरी क्लारेट, आरक्षक राजेश खलखो, भगलू राम पैकरा, गजानन्द पैकरा, दीपक पांडेय सकिय रहे।

# नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने ली शपथ,विकास को बताया प्राथमिकता...





-संवाददाता-
सूरजपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का शपथग्रहण समारोह जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा, उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े, और सभी नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों ने गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण से पूर्व, जिला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और जिला सीईओ ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विधिवत रूप से शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी हुई। शपथ लेने के बाद अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा ने कहा कि गांव का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, विशेष रूप से पेयजल संकट का समाधान किया जाएगा।



### हिंदू रीति-रिवाज से किया कार्यालय का शुद्धिकरण

शपथ ग्रहण के तुरंत बाद, अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा और उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े ने पदभार ग्रहण किया। हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ कार्यालय का शुद्धिकरण किया गया। इसके बाद, भाजपा नेताओं ने गुलदस्ते भेंट कर नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। अध्यक्ष की कुर्सी पर पति देवपाल पैकरा ने मिठाई खिलाकर उन्हें बैठाया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबू लाल अग्रवाल, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े,दीपक गुप्ता,शशि गर्ग,नगर पंचायत अध्यक्ष पुरन राम राजवाड़े, लाल साय सिंह पावले, रामधन राजवाड़े, और जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गांव के विकास के लिए प्रतिबद्धता

नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने सभी सदस्यों को साथ लेकर गांव के समग्र विकास की दिशा में कार्य करने की बात कही। विशेष रूप से पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने की योजना बनाई जाएगी। इस समारोह ने न केवल नव निर्वाचित पदाधिकारियों के लिए एक नई जिम्मेदारी की शुरुआत की, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में एक नए संकल्प का भी संचार किया।

# कार्यालयों में ई ऑफिस का क्रियान्वयन शीघ्र हो सुनिश्चितःकलेक्टर

## प्रधानमंत्री पोर्टल से संबंधित लोक शिकायतों का किया गया अवलोकन






-संवाददाता-
सूरजपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज समय सीमा की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रखा गया था। जिसमें प्रधानमंत्री पोर्टल से संबंधित लोक शिकायतों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई एवं आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में शासन के मंशानुरूप जिले में शीघ्र ई ऑफिस को मूर्त रूप देने के निर्देश दिये गए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि ई ऑफिस को लागू करने की मंशा सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली को प्राप्त करना है। ई-ऑफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है बल्कि उन्हें पेपरलेस भी बनाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयीन कामकाज में पारदर्शिता लाने और प्रशासन को सशक्त बनाने के लिए ई ऑफिस का पूर्ण क्रियान्वयन सफलतापूर्वक शीघ्र किया जाये । बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 10 वीं बोर्ड के विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण हुआ संपन्न





-संवाददाता-
सूरजपुर 10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष-2025 कक्षा 10 वीं के विषय विज्ञान (200) की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए सूरजपुर जिले के निर्धारित 73 परीक्षा केन्द्रों में कुल परीक्षार्थी की दर्ज संख्या-10199, उपस्थित-9861, अनुपस्थित-338 रहे। जिले में समस्त परीक्षा केंद्रो में परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई एवं कोई नकल प्रकरण दर्ज नही किया गया।

श्रीमती भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के द्वारा निम्नांकित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिनमें परीक्षा केन्द्र क्रमांक-741004 सेजेस विश्रामपुर, वि.ख. सूरजपुर जहां कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-234 उपस्थित-224 एवं अनुपस्थित-10, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 741005 शा.कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर, कुल दर्ज परीक्षार्थी-217 में उपस्थित-214 एवं 03 अनुपस्थित, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 741006 शा.आदर्श बालक उ.म.वि. सूरजपुर में कुल दर्ज-293 में उपस्थित-290 एवं अनुपस्थित 03,परीक्षा केन्द्र क्रमांक 741015 शा.उ.मा.वि डुमरिया, में कुल दर्ज-94 उपस्थित 93 एवं अनुपस्थित 01, परीक्षा 741007 सेजेस बसदेई वि.ख. सूरजपुर में कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 131 में उपस्थित 128 एवं अनुपस्थित रहे। उक्त समस्त परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालित होना पाया गया।

# खेलो इंडिया योजना अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र हेतु प्रशिक्षक का वॉक इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित

KHELO INDIA

-संवाददाता-
सूरजपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
भारत सरकार खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सूरजपुर जिले में खेलों इंडिया का फुटबॉल प्रशिक्षक केंद्र फुटबॉल टेऊनिंग सेंटर हर्रा टिकरा खेल एवं युवा कल्याण सूरजपुर प्रारंभ किया जा रहा है। योजना गाइडलाइन अनुसार प्रशिक्षण केंद्र के लिए 01 प्रशिक्षक नियुक्त किया जाना है। प्रशिक्षक के लिए योग्यता-फुटबॉल में अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी या सिनियर वर्ग की नेशनल ओपन चैम्पियनशिप (फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित) में प्रतिनिधित्व या अंतर विश्वविद्यालयीन फुटबॉल में प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षक कार्य का अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 18 मार्च को दोपहर 12:00 बजे संयुक्त कलेक्टर कार्यालय जिला सूरजपुर में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते है। समय के पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया जायेगा। प्रशिक्षक के चयन पश्चात भारत सरकार के खेलों इंडिया योजना के पोर्टल में प्रशिक्षक के बायोडाटा की एंट्री के पश्चात भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षक के वेतन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली राशि के प्रशिक्षक को प्रतिमाह 25,000 का वेतन शासन के प्रचलित नियमानुसार प्रदान किया जायेगा।
चयनित प्रशिक्षक को राज्य शासन के किसी भी मद से वेतन भुगतान नही होगा और ना ही चयनित प्रशिक्षक राज्य सरकार या स्थानीय प्रशासन से वेतन की मांग कर सकेगा। उक्त प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित योग्यता रखने वाले प्रशिक्षक/खिलाड़ी को वॉक इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी 17 मार्च तक अपना आवेदन कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर में जमा कर सकते है। आवेदन फार्म उक्त कार्यालय अथवा जिले के वेबसाईट surajpur.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल**

एनेक्जर–A

कार्य विवरणः– बिलासपुर मंडल के अंबिकापुर (एबीकेपी) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ एसी वेटिंग रूम के उन्नयन रखरखाव और मैनिंग के काम एवं बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाएं रख–रखाव के कार्य के लिये 5 साल की अवधि हेतु लाइसेंस के आबंटन ई–नीलामी आमंत्रित की गई है।

ई–नीलामी कैटेलॉग पहले ही दिनांक 04–03–2025 को IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार हैः–

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| BSP-MX FEB-25 | [Pay and use -Lounges/ Waiting Retiring Cloak Rooms | 19.03.2025 13:00:00 | PnU-BSP-ABKP-WRL-17-25-1 | अंबिकापुर (एबीकेपी) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ एसी वेटिंग रूम के उन्नयन रखरखाव और मैनिंग के काम एवं बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाएं रख–रखाव के कार्य के लिये 5 साल की अवधि हेतु लाइसेंस के आबंटन ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। | 1826 दिनों |

असिस्टेंट कॉमर्शियल मैनेजर (गुड्स)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/FL/544

South East Central Railway @secrail

BSP798/24/25


# मध्यप्रदेश से मां कुदरगढ़ के दर्शन करने पहुंची छत्तीसगढ़ श्रद्धालु की हृदयघात से हुई मृत्यु

## बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ देवी धाम के अध्यक्ष ने मामले पर लिया संज्ञान



-संवाददाता-
सूरजपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
उपवास रख कर वृद्ध महिला श्रीमती रामकली शाह पति श्री रामनाथ शाह जाति साहू उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी गाड़ा जिला सिंगरोली मध्यप्रदेश सहित अन्य 06 पारिवारिक सदस्य बस से मां बागेश्वरी देवी के दर्शन हेतु सूरजपुर जिला के ओड़गी क्षेत्र अंतर्गत मां कुदरगढ़ देवी धाम पहुंची थी। जो दर्शन हेतु सीढ़ी चढ़ रही थी उसी वक्त 10-12 सीढ़ीयो में पहुंचते ही चक्कर आ जाने से वही बैठ गई जिसके बाद पुनः उसे झटका आया और वही बैठे बैठे सीढ़ीयो में ही गिर गई जिससे वृद्ध महिला के सर पर चोट रूपी खरोच भी आई और आश पास मौजूदा दर्शनार्थियों के मुताबिक गिरते ही अचानक हृदय घाट से मौके पर ही प्राण चले गए थे उक्त घटना की जानकारी लगते हैं आनन फ़नान में मौके पर मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे और मदद के हाथ बढ़ते हुए उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से उप स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी ले जाया गया जिसके प्रारंभिक उपचार के दौरान ही चिकित्सको द्वारा अमृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम की व्यवस्था कराई जा रही है घटना की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो पाएगी।

### दर्शनार्थियों के सुख-दुख में साथ खड़ा है ट्रस्ट

मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ देवी धाम के अध्यक्ष एवं पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा व बाबूलाल अग्रवाल चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने घटना की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल जिला कलेक्टर श्री एस जयवर्धन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री कपिल देव पैकरा सहित ट्रस्ट के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल पोस्टमार्टम करा कर मृतक के परिवार को सहयोग करने व मृतक वृद्ध महिला को पूरे सम्मान के साथ वाहन की व्यवस्था कराकर उनके गृह ग्राम तक पहुंचने की व्यवस्था के निर्देश देकर घर तक पहुंचवाया भी और हृदयाघात से हुई अत्यंत ही दुखद घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतिका श्रीमती रामकली शाह के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माता रानी से परिवार को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति और संबल प्रदान करने की कामना की है।


**न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0.......... /अ- 6 /2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकण दीपक ताम्रकार आ0 सुरारीलाल ताम्रकार निवासी जोड़ापीपल केदारपुर, अम्बिकापुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के द्वारा अनावेदकगण नर्बदा ठाकुर, नरेश ठाकुर आ0 जगदीश ठाकुर के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नजूल भू, शीट नं, 02, मोहल्ला देवीगंज रोड, अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नं. 431/1 रकबा 4356 वर्गफीट में से रकबा 12×40=480 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 11/02/2021 के माध्यम से क्रय किया गया है अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में आवेदकगण द्वारा स्वंय का नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति,मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/03/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 21/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
,अंबिकापुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी,सूरजपुर,छ0ग0**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-रविन्द्रनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय कुमार शाहा आ0 स्व0 मनोरंजन शाहा, जाति वैश्व, निवासी ग्रम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर, छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम रविन्द्रनगर प0ह0नं0 26, रा0नि0मं0 पिलखा तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 480/10 रकबा 0.1120 में से रकबा 0.048 हे0 कृषि भूमि को व्यवयायिक (दुकान) प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17/03/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 28/02/2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी (रा.)
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपा सोनी पिता रणविजय प्रसाद सोनी जाति सोनार निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मेण्ड्राकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 67/2 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति,आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 22/03/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

# कलेक्टर-एसपी ने जोकापाठ पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं





-संवाददाता-
बलरामपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

जिले के सुदूर अंचलों तक विकास और प्रशासनिक सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने सघन दौरा किया। विकासखंड शंकरगढ़ के जोकापाठ और लहसूनपाठ क्षेत्रों में उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति परखी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्राथमिकता से हर समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर एवं एसपी जोकापाठ के उचित मूल्य दुकान पहुंचे, जहां खाद्यान्न वितरण व्यवस्था देखा। कलेक्टर ने मौके पर ही हितग्राहियों से चर्चा कर जानकारी ली कि उन्हें चावल, चना और अन्य राशन सामग्री सही मात्रा में मिल रही है या नहीं। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि खाद्यान्न वितरण की पूरी प्रक्रिया का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर और निर्धारित मात्रा में राशन मिले।

जोकापाठ में कलेक्टर श्री कटारा एवं एसपी श्री रमनलाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को जानने के लिए जन चौपाल का आयोजन किया। ग्रामीणों ने उन्हें जल समस्या, सड़क निर्माण, रोजगार अवसरों और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने पाठ क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों की मांग अनुसार पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल संकट के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करें और प्राथमिकता के आधार पर कुएं एवं हैंडपंप की व्यवस्था कराएं। कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री कटारा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत स्वीकृत होने वाले कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन और ग्रामीण अधोसंरचना के विकास के लिए मनरेगा के कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कलेक्टर ने विशेष रूप से किसानों के लिए बड़े तालाब और कुओं के निर्माण के निर्देश दिए, जिससे इन क्षेत्रों में जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नरेगा के तहत नए रोजगार सृजित करें और यह सुनिश्चित करें कि श्रमिकों को समय पर मजदूरी मिले। कलेक्टर ने यह भी कहा कि ग्रामीण विकास के कार्यों में पारदर्शिता के साथ गति लाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शंकरगढ़ श्री आनंद राम नेताम, जनपद पंचायत सीईओ श्री संजय दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने सुनी आम लोगो की फरियाद,कुल 58 आवेदन हुए प्राप्त



-संवाददाता-
कोरबा,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर अजीत वसंत ने आम लोगां की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियां को प्रेषित कर जांच कर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें ग्राम खोडरी तहसील कटघोरा के ग्रामीण तुलसीदास ने खाता विभाजन के पश्चात ऋष्ा पुस्तिका प्राप्त नहीं होने की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जनदर्शन में ग्राम बनकोन्हा में आंगनबाड़ी, स्टाप डेम निर्माण ग्राम तरदा के आशा राम पटेल ने मुआवजा,ट्रांसपोर्ट नगर के किशोर कुमार अग्रवाल ने पटवारी हल्का नंबर 26 अंतर्गत अपने स्वामित्व के भूमि को अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत की। जनदर्शन में वार्ड नंबर 15 परिवहन नगर के निवासियों ने वार्ड में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन समय पर नहीं होने की शिकायत की। इसी तरह जनदर्शन में कनकी की छोटे बाई केवट ने निस्तारी का गंदा पानी सड़क पर बहने से श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी के संबंध में आवेदन दिया। कनकी के ही श्री राम गोपाल केवट ने एकता मछुआ समिति को तालाब में मत्स्य पालन हेतु स्वीकृति प्रदान करने, ग्राम पंचायत सेमीपाली में सफाई का कार्य करने वाली कर्मचारियों ने पूर्व सरपंच द्वारा राशि प्रदान नहीं करने, ग्राम जवाली कोलिहीमुड़ा निवासी राज कुमार यादव ने पानी की समस्या, वार्ड ऋमांक 66 डगनिया खार के सत्य पाल सिंह ने अवैध रेत उत्खन्न, राताखार निवासियों ने वार्ड में शासकीय भूमि में कब्जा होने की शिकायत की। इसी तरह जनदर्शन में अन्य आवेदन प्राप्त हुए कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीई.ओ दिनेश कुमार नाग और अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न

-संवाददाता-
बलरामपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर में कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में प्राचार्य श्री अगस्टिन कुजूर के नेतृत्व में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जायसवाल एवं नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष श्री लोधी राम एक्का की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और राजकीय गीत की प्रस्तुति दी गई।कार्यकम में वर्षभर की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही महाविद्यालय की छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतर-महाविद्यालयीन सरगुजा सेक्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5000 व 10,000 मीटर दौड़, 20,000 मीटर पैदल चाल और 800 मीटर दौड़ में छात्राओं ने शीर्ष स्थान हासिल किए। तीन छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ, जिसमें कुमारी अनामिका सिंह ने ऑल इंडिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता, भुवनेश्वर (ओडिशा) में हिस्सा लिया। विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक खेलकूद, साहित्यिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को गोल्ड और सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, आदिवासी नृत्य और बाल विवाह पर आधारित नाटक की शानदार प्रस्तुतियां दी।मुख्य अतिथियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## आईआईटी भुवनेश्वर में शासकीय रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



-संवाददाता-
सूरजपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

शासकीय रेवती रमन मिश्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर छत्तीसगढ़ के कंप्यूटर साइंस विभाग के 12 छात्रों ने IIT भुवनेश्वर का शैक्षणिक दौरा किया। इस यात्रा का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच.एन. दुबे एवं कंप्यूटर साइंस और कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष (HOD) श्री सी.बी. मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों के साथ फैकल्टी सदस्य श्री विष्णु कुमार, श्री मुकेश साहू और लाइब्रेरियन श्रीमती निरजा भगत उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने इ्रद्धइ्र की लाइब्रेरी, कंप्यूटर साइंस और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागों का भ्रमण किया, जहां उन्हें उन्नत प्रयोगशालाओं, शोध परियोजनाओं और तकनीकी सुविधाओं के बारे में जानकारी मिली। इसके अलावा, उन्होंने "Recent Develo pments in Smart Grid Technologies" विषय पर आयोजित 7 मार्च 2025 की वर्कशॉप में भाग लिया। इस कार्यशाला में स्मार्ट ग्रिड टेक्नोलॉजी, ऊर्जा भंडारण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कंप्यूटर साइंस विभाग में, विद्यार्थियों को वर्चुअल रियलिटी और सिमुलेशन तकनीक का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। उन्होंने वर्चुअल सिमुलेशन के माध्यम से विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं और प्रयोगों को देखा, जिससे उन्हें उन्नत कंप्यूटिंग और सिमुलेशन आधारित शिक्षा की गहरी समझ मिली। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीकों को समझने और अपने करियर को नई दिशा देने का अवसर मिला।



## सीईओ दिनेश कुमार नाग ने जिला पंचायत कोरबा के नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ

-संवाददाता-
कोरबा,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत कोरबा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का प्रथम विशेष सम्मेलन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री दिनेश कुमार नाग ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके पदीय दायित्व की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन कुमार सिंह ने कहा, हम सभी नवनिर्वाचित सदस्य जिले के विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। टीम भावना से कार्य करते हुए हम ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति को प्राथमिकता देंगे। नवनिर्वाचित सदस्यों ने विशेष सम्मिलन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की उन्नति के लिए जिले के विकास कार्यों को नई दिशा देने का संकल्प लिया। सीईओ श्री नाग ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार जिला पंचायत में चुने गए अधिकांश सदस्य युवा हैं, जिनकी ऊर्जा और नए विचार जिले के विकास में सकारात्मक योगदान देंगे। शपथ ग्रहण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, श्रीमती अनंत सुष्मिता कमलेश, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, श्री रज्जाक अली, श्रीमती सुषमा रवि रजक, श्री विनोद कुमार यादव (अधिवक्ता), श्रीमती माया रूपेश कंवर, श्री कौशल नेटी, श्रीमती शांति मरावी, श्री विद्वान सिंह मरकाम, उपसंचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक संपन्नः सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील

### हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई,सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद




-संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

आगामी होली,ईद उल फितर,चैत्र नवरात्र और रामनवमी को मद्देनजर कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग और विभिन्न धर्म समाज एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में त्योहारों की तैयारियों, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

### सभी समुदायों ने सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने का लिया संकल्प

बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी सभी नागरिकों से भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। वहीं, सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी और अन्य सदस्यों ने कहा कि असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि त्योहारों में भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने होली, ईद उल फितर और चैत्र रामनवमी की शुभकामनाएं दीं।

### प्रशासन ने की व्यापक व्यवस्था

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आगामी त्योहारों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट ड्यूटी तैनात रहेगी। उन्होंने मेडिकल टीम, बिजली, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें।

### सख्त निगरानी,हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। शहर में पुलिस बल की तैनाती, पेट्रोलिंग और ट्रैफिक नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अराजक तत्वों और हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तेज आवाज में डीजे साउंड न बजाने की अपील की है।



## तीन बच्चों समेत 5 की मौत, पटाखा दुकान में लगी आग, बचने के लिए शटर के अंदर छुपे, दम घुटने से पांचों की गई जान

-संवाददाता-
बलरामपुर,10 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

रामानुजगंज की सीमा से सटे झारखंड के ग्राम गोदरमाना में आज सुबह दर्दनाक घटना हो गई। पटाखा दुकान में आग लगने से तीन बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों के शवों को जेसीबी से दीवाल तोड़कर बाहर निकाला गया। जान गंवाने वाले सभी मृतक एक ही परिवार के थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक, रामानुजगंज के सरहदी क्षेत्र झारखंड के गोदरमाना की ये घटना है। पटाखा दुकान में आज सुबह कुछ लोग पटाखा खरीदने के लिए पहुंचे थे। पटाखा दुकान के संचालक ने डेमो दिखाने के लिए पटाखा फोड़ा। इसी दौरान पटाखे की चिंगारी दुकान के अंदर रखे पटाखे में जा गिरी। देखते ही देखते दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान संचालक समेत घर के पांच लोग खुद को बचाने के लिए एक कमरे के अंदर बंद कर लिये। कमरे में धुआं भर गया और पांचों धुएं की वजह से बेहोश हो गये। थोड़ी देर में ही सभी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि जेसीबी से दीवार तोड़कर सभी के शव को बाहर निकाला गया था। घटना में जान गंवाने वालों में कुश कुमार 46 दुकान संचालक, अजीत केसरी 45 निवासी गोदरमाना, आयुष कुमार केसरी 8 वर्ष, पीयूष केसरी 7 वर्ष और सुशीला 14 वर्ष शामिल है।

# हॉकी इंडिया ने किया सालाना अवॉर्ड लिए रिकॉर्ड 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि का ऐलान

**नई दिल्ली,10 मार्च 2025।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें सालाना अवॉर्ड्स के लिए रिकॉर्ड 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि का ऐलान किया है। इसमें आठ कैटेगिरी में 32 खिलाड़ियों को नामिनेट किया गया है। यह वार्षिक पुरस्कार समारोह शनिवार को आयोजित किया जाएगा, जहां 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड आकर्षण का केंद्र होगा जो साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। समारोह में युवा प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी को और असुंता लाकड़ा पुरस्कार उभरती हुई सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा।

इस बार के पुरस्कार समारोह का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उसी दिन आयोजित किया जा रहा है जब भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 50 साल पहले 1975 में ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीता था–जो देश का अब तक का एकमात्र हॉकी वर्ल्ड कप खिताब है। साथ ही, 2025 में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न भी मनाया जाएगा, क्योंकि भारत को 7 नवंबर 1925 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ से मान्यता मिली थी।



### हॉकी इंडिया सालाना अवॉर्ड्स 2024 के लिए नॉमिनेशन इस प्रकार हैं:-

साल 2024 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कारः- बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।

साल 2024 के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कारः- संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।

साल 2024 के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कारः-जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

साल 2024 के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कारः- लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

साल की उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार (21 साल से कम):- ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो। साल के उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (21 साल से कम):- अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अराइजीत सिंह हुंदल। साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कारः- सविता पुनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर। साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कारः-अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।



## पाकिस्तान ने पैसे खर्च किए, स्टेडियम बनाए,लेकिन टीम पर ध्यान नहीं दियाःकनेरिया

**नई दिल्ली,10 मार्च 2025।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उसकी मुख्य खामियों को उजागर किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की टीम मेजबान थी और टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई थी। उन्होंने कहा कि पीसीबी ने इस बड़े आयोजन की मेजबानी पर बहुत पैसा खर्च किया, लेकिन टीम और उसकी तैयारियों पर ध्यान नहीं दिया। जब भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया, तो पाकिस्तान की इस आयोजन के फाइनल की मेजबानी करने की उम्मीदें धराशायी हो गईं, जिसकी मेजबानी वह कर रहा था। पाकिस्तान और आईसीसी द्वारा तय हाइब्रिड फॉर्मूले के अनुसार, फाइनल लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के बजाय दुबई में खेला गया। कनेरिया ने उन बातों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि भारत को फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेलने का फायदा होगा और कहा कि ऐसी बातें समझ से परे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच बिना जीते पाकिस्तान की हो गई मौज

### आईसीसी से मिल गए 2 करोड़ 31 लाख रुपए

**नई दिल्ली,10 मार्च 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद इस अहम टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर खेला गया। जहां टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में हुए थे। अब भारतीय टीम ने बिना एक भी मैच हारे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया। इनाम के तौर पर भारतीय टीम को लगभग 20 करोड़ रुपए मिले। दूसरी तरफ पाकिस्तानी टीम के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 किसी बुरे सपने से कम नहीं रही और पाकिस्तान एक भी मैच में जीत दर्ज नहीं कर पाया।



### पाकिस्तान ने किया खराब प्रदर्शन

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तानी टीम को अपने पहले मैच में 60 रनों से हार मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम ने उसे 6 विकेट से धूल चटाई। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ उसका मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इसी वजह से पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई। इससे उसकी हर जगह किरकिरी हुई। पाकिस्तानी टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ओवर ऑल 7वें नंबर पर रही थी।

### पाकिस्तान को मिले 1 करोड़ 9 लाख रुपए

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 7वें या 8वें नंबर पर रहने वाली टीमों को डालर 140के मिले, जो भारतीय रुपए में लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपए होते हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तानी टीम को ड़ालर125के मिले, जो भारतीय रुपए में लगभग 1 करोड़ 9 लाख रुपए होते हैं। इस तरह से पाकिस्तान को मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में बिना मैच जीते ही लगभग 2 करोड़ 31 लाख रुपए मिले।

## मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूंःरोहित शर्मा

**दुबई,10 मार्च 2025।** पिछले करीब एक साल में रोहित शर्मा ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। उन्होंने पिछले साल जून में भारत को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनाया था, लेकिन इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। लगातार बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों में फेल होने के कारण उन्हें आलोचकों ने निशाने पर लिया और उन्हें टीम से हटाए जाने तक की मांग होने लगी।


अब 9 मार्च, 2025 की तारीख को रोहित ने पूरे भारत को ऐसी खुशी दी है जिसके बाद उनकी आलोचना करने वालों में तगड़ी कमी देखने को मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर रोहित ने लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में अपनी शानदार कप्तानी को जारी रखा है। रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को आतिशी शुरुआत दिलाई और अपनी अर्धशतकीय पारी से शुरुआत में ही उन्हें मैच से बाहर कर दिया था।

इस मैच से पहले अटकलों का बाजार काफी गर्म था कि रोहित वनडे से अपने संन्यास का भी ऐलान कर सकते हैं, हालांकि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया।



रोहित ने कहा, मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं ताकि आगे कोई अफवाह नहीं फैलाई जाए। देखते हैं अभी कोई फ्यूचर प्लान नहीं है, जो हो रहा है चलता रहेगा। प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर रोहित ने कहा, इस ट्रॉफी को जीतना बहुत अच्छा अहसास है। पूरे टूर्नामेंट में हमने शानदार क्रिकेट खेला और अंत में अपनी मेहनत का फल इस तरह मिलना वाकई खास है। जिस तरह से हमने इस मैच में खेला, उससे मैं बेहद खुश हूं। यह (खेलने का यह तरीका) मेरे लिए स्वाभाविक नहीं है, लेकिन यह कुछ ऐसा था जिसे मैं सच में आजमाना चाहता था। जब आप कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, तो टीम का समर्थन बहुत जरूरी होता है, और टीम मेरे साथ थी--2023 वर्ल्ड कप में राहुल भाई और अब गौती भाई (गौतम गंभीर) का पूरा समर्थन मिला। इतने सालों से मैंने अलग अंदाज में खेला है, लेकिन मैं देखना चाहता था कि क्या हम अलग तरीके से खेलकर भी अच्छे नतीजे हासिल कर सकते हैं।

## आईपीएल में 2 साल के लिए बैन हो सकते हैं हैरी ब्रूक



### इस बार नहीं मिलेगी कोई छूट

**नई दिल्ली,10 मार्च 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 22 मार्च से आगाज हो रहा है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स को झटका लगा है। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी ब्रूक ने आईपीएल 2025 से अपना नाम वापस ले लिया है। पिछले सीजन भी ब्रूक ने आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया था। हालांकि इस बार उनका ये फैसला उनपर भारी पड़ सकता है, क्योंकि अब आईपीएल के नए नियमों के मुताबकि उनपर 2 साल का आईपीएल खेलने से बैन लग सकता है। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन अब उन्होंने आईपीएल 2025 नहीं खेलने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर आयोजक आईपीएल नियम का पालन करते हैं तो ब्रूक को पर आईपीएल खेलने पर 2 साल के लिए बैन लग जाएगा।

## मैं टीम इंडिया के लिए गुड लक हूं...

**दुबई,10 मार्च 2025।** पिछले काफी समय से क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की तलाक की खबरें काफी वायरल हो रही हैं। वहीं, कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि क्रिकेटर का धनश्री से तलाक हो गया है और कपल ने आपसी सहमती से ये फैसला लिया है। हालांकि दोनों की ओर से अभी तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया है। इस बीच क्रिकेटर का नाम आर जे महवाश संग खूब जोड़ा जा रहा है. दोनों की फोटो वायरल हुई थी और साथ में स्पॉट भी किया गया था। इस बीच अब महवाश और चहल दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच देखने साथ पहुंचे थे। वहीं, अब महवाश ने क्रिकेटर संग अपनी एक वीडियो शेयर की है, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बीच युजवेंद्र चहल और उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड आरजे महवाश की भी खूब चर्चा हो रही है। दोनों को स्टेडियम में साथ मैच देखते हुए देखा गया।



एक्टर विवेक ऑबोरॉय ने भी एक वीडियो शेयर की थी, जिसमें दोनों टीम इंडिया को चियर करते नजर आए थे। वहीं, अब महवाश ने टीम की जीत के बाद जश्न मनाते हुए वीडियो और फोटोज शेयर की, जिसमें उनके साथ चहल भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में महवाश खुशी से झूमती दिख रही हैं, तो चहल उन्हें एक टक निहार रहे हैं। टीम इंडिया की जीत पर आरजे महवाश ने युजवेंद्र संग फोटो और वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा-कहा था ना जीता के आउंगी, मैं टीम इंडिया के लिए गुड लक हूं।




## सनी देओल की सुपरहिट फिल्म घातक फिर हो रही रिलीज, 21 मार्च को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म घातक बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 15 नवंबर, 1996 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसके हीरो सनी देओल हैं।लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 26.48 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।अब करीब 29 साल बाद घातक को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। आइए बताते हैं कब।घातक को 21 मार्च, 2025 को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 28 फरवरी को दोबारा रिलीज होने वाली थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।गौरतलब है कि इस फिल्म में सनी के अलावा मीनाक्षी शेषाद्रि, अमरीश पुरी और डैनी डेन्जोंगपा जैसे कलाकार भी नजर आए थे।राजकुमार संतोषी इस फिल्म के निर्देशक थे। फिल्म का निर्माण भी उन्होंने ही किया था।यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

## गोविंदा को मिला था दुनिया की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म का ऑफर, खुद दिया टाइटल फिर...

गोविंदा एक समय पर बॉलीवुड के वो सुपरस्टार हुआ करते थे,फिल्में हिट कराने के लिए जिनका नाम ही काफी था। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाती थीं, जिसके चलते हर बड़ा डायरेक्टर उनके साथ काम करना चाहता था। उनकी फिल्में हफ्तों-महीनों तक थिएटर्स में जमी रहती थीं। लेकिन, जैसे-जैसे समय बीतता गया गोविंदा का स्टारडम भी फीका पड़ने लगा। इस बीच गोविंदा अपने एक बयान के चलते सुर्खियों में हैं। गोविंदा का दावा है कि उन्हें एक हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने ये फिल्म ठुकरा दी। ये कोई ऐसी-वैसी फिल्म नहीं थी, बल्कि दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है।

### गोविंदा ने हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर का दिया था टाइटल

गोविंदा ने मुकेश खन्ना के साथ बातचीत में दावा किया कि उन्हें हॉलीवुड के जाने-माने फिल्म मेकर जेम्स कैमरून ने अपनी फिल्म %अवतार% में रोल ऑफर किया था। यही नहीं उन्होंने ये भी दावा किया कि जेम्स कैमरून को फिल्म का टाइटल भी उन्होंने ही सुझाया था। लेकिन, फिर ऐसा क्या हुआ जो गोविंदा ने ये फिल्म करने से इनकार कर दिया? गोविंदा ने मुकेश खन्ना के साथ बातचीत के दौरान इस फिल्म को ठुकराने की वजह भी बताई है।

### गोविंदा को ऑफर हुई थी अवतार



गोविंदा ने कहा- मैं 21 करोड़ 50 लाख रुपये छोड़ चुका हूं और याद इसलिए है कि ये छोड़ते हुए बहुत तकलीफ हुई थी। मुझे अमेरिका में एक सरदार जी मिले और बोले- मैंने सुना पुत्तर तू बड़ा साधु टाइप का बंदा है, तो मुझे बता मेरे पास पैसे बहुत हैं मैं क्या करूं। मैंने उन्हें बिजनेस आईडिया दिया। मैं कहकर भूल गया। मैं लंदन में शूटिंग कर रहा था तो फिर सरदार जी मिले, तो वो मुझे वहां मिले। उन्होंने मुझे जेम्स कैमरून से मिलवाया और कहा इनके साथ फिल्म कर लो। उस पिक्चर का टाइटल भी मैंने ही दिया था। उसका टाइटल था अवतार।

### गोविंदा ने क्यों रिजेक्ट की अवतार

गोविंदा ने आगे कहा- उन्होंने मुझे बताया कि फिल्म का हीरो विकलांग है। मैंने कहा विकलांग... और गोविंदा। मैंने कहा- हैलो मैं आपकी फिल्म नहीं कर रहा। तो उन्होंने मुझे कहा कि मैं आपको 18 करोड़ ऑफर कर रहा हूं। मैंने कहा कि मुझे आपके 18 करोड़ नहीं चाहिए। जेम्स ने कहा कि तुम्हे 410 दिन शूट करना होगा। मैंने कहा, ये सुनने में अच्छा तो लग रहा है, लेकिन मैं ये फिल्म नहीं कर सकता। क्योंकि अगर मैंने अपना शरीर पेंट किया तो मुझे अस्पताल में पड़े रहना होगा।

### ना कहने पर हुआ पछतावा

गोविंदा आगे कहते हैं- हमारे पास हमारा शरीर ही इकलौता साधन होता है। कई बार कुछ चीजें प्रोफेशनल तरीके से तो बहुत ही आकर्षक लगती हैं, लेकिन आपको उनका अपने शरीर पर प्रभाव देखना पड़ता है। कई-कई साल माफी मांगनी पड़ती हैं। कई लोगों का अहंकार इतना बड़ा होता है कि आपको सालों माफी मांगनी पड़ती है। अब गोविंदा का ये बयान काफी चर्चा में है।

## अजय देवगन-सलमान खान की फिल्म का ये विलेन, हॉलीवुड में भी किया काम,अब बन गया है मौलाना



अजय देवगन की शानदार फिल्म 'फूल और कांटे' साल 1991 में रिलीज बुई थी। ये फिल्म दर्शक बटोरने में कामयाब रही। अजय देवगन को इस फिल्म में खूब पसंद किया और वो इसी के दम पर बॉलीवुड के नए सीरियस हीरो बनकर सामने आए। इस फिल्म में भर-भर के एक्शन सीन्स थे। फिल्म में नजर आए विलेन की खूब पिटाई भी की गई थी। अजय देवगन और मधु की जोड़ी वाली इस फिल्म के विलेन ने भी लोगों का दिल जीत लिया था। विलेन के किरदार का नाम रॉकी था। इस किरदार के साथ अजय देवगन का फाइट सीन चर्चा में रहा। अजय देवगन से ज्यादा ये फिल्म अपने मशहूर किरदार रॉकी के लिए याद की जाती है।

रॉकी एक ऐसा खलनायक है जिसकी खूब तारीफ हुई थी। इस किरदार को अभिनेता आरिफ खान ने निभाया था। इस सफलता के बाद आरिफ ने कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और सलमान खान और सुनील शेट्टी जैसे सितारों के साथ स्क्रीन शेयर की। उन्होंने %मोहरा% और दिलजले जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका भी निभाई। हालांकि समय के साथ आरिफ खान ने बॉलीवुड और अभिनय से दूरी बनाकर आध्यात्मिक जीवन अपना लिया और अंततः मौलाना बन गए। आज वह इतने बदल गए हैं कि शायद आप उन्हें पहचान भी न पाएं।

अजय देवगन ने फूल और कांटे से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जबकि आरिफ खान ने भी इसी फिल्म से खलनायक की भूमिका निभाकर अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में काम किया, लेकिन उनका करियर उम्मीद के मुताबिक नहीं चला। आरिफ खान को अक्सर खलनायक के रूप में देखा जाता था, कुछ फिल्मों में वह नायक का सामना करते थे, जबकि अन्य में उन्हें कड़ी मार झेलनी पड़ती थी। वह सलमान खान के साथ वीरगति में, सुनील शेट्टी के साथ मोहरा में और एक बार फिर दिलजले में अजय देवगन के साथ खलनायक की भूमिका में नजर आए।इलहरें रेट्रो के साथ एक साक्षात्कार में आरिफ खान ने बॉलीवुड से अपने जाने का कारण साझा किया था। उन्होंने बताया कि वह बहुत बेचैन थे और अपने जीवन में शांति नहीं पा सके। अपने प्रयासों के बावजूद, उन्हें अनदेखा महसूस हुआ, उन्होंने सवाल किया कि उन्हें बड़े बैनर द्वारा भूमिकाएं क्यों नहीं दी जा रही हैं। आरिफ ने स्वीकार किया कि वह विनाशकारी आदतों और लत में पड़ गए थे, नींद और शांति पाने की कोशिश में ड्रग्स का इस्तेमाल करते थे। इंडस्ट्री में 7-8 साल बिताने के बाद, उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ने का फैसला किया और अल्लाह की शरण ली। दिलजले, मोहरा, वीरगति,मोहब्बत और जंग, जमीर द अवेक्निंग ऑफ अ सोल, हसीना और नागिन, अहंकार,मुस्कुराहट जैसी 15 फिल्मों में नजर आए। आखिरी बार उन्हें साल 2007 में आई फिल्म अ माइटी हार्ट में देखा गया। कोरोना काल में हुए लॉकडाउन के दौरान वो पहली बार सोशल मीडिया पर वायरल हुए। लोग उन्हें मौलाना के रूप में देखकर हैरत में पड़ गए। लंबी दाढ़ी, कुर्ते और टोपी में आरिफ एक नजर में किसी को भी पहचान में नहीं आए।

CMYK

# 11 घंटे की पूछताछ के बाद बाहर आए भूपेश बघेल



**रायपुर,10 मार्च 2025(ए)।** आज तड़के ईडी की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास समेत प्रदेशभर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की। करीब 11 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद भूपेश बघेल घर से बाहर निकले और अपने समर्थकों तथा कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा भाजपा तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। वहीं ईडी की टीम अंदर भूपेश के बेटे चैतन्य बघेल से पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी को घर में बड़ी मात्रा में नकदी मिलने की सूचना के बाद बैंक ईडी और बैंक के अधिकारी नोट गिनने की मशीन लेकर बघेल के घर पहुंचे हैं।इसके अलावा, ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी जब्त किया है। भूपेश बघेल के घर से 6 मोबाइल फोन से ईडी के अधिकारी बातचीत की डिटेल खंगाल रहे। डिजिटल ट्रांजेक्शन के हिसाब निकाल रहे।

### प्रदेशभर में 14 ठिकानों पर छापेमारी

बता दें कि भूपेश बघेल के निवास पर ईडी तड़के सुबह से जांच कर रही. जानकारी के अनुसार,ईडी की टीम भिलाई स्थित भूपेश बघेल के आवास सहित चैतन्य बघेल के घर और प्रदेशभर में कुल 14 ठिकानों पर दबिश दी है। ईडी की अलग-अलग टीमें रायपुर, भिलाई सहित अन्य जिलों में एक साथ छापेमारी की है, जहां महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है।

### बघेल के घर के बाहर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

ईडी की दबिश के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर के बाहर बड़ी संख्या में दिग्गज कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधायक देवेंद्र यादव, अरुण वोरा, गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा समेत बड़ी संख्या में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद हैं और ईडी की कार्रवाई को लेकर जमकर नारेबाजी कर रहे।

### किन मामलों में हो रही जांच ?


सूत्रों के मुताबिक, ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग और आर्थिक अनियमितताओं से जुड़े मामलों में की जा रही है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह छापेमारी किस विशेष मामले से जुड़ी हुई है। बताया जा रहा है कि शराब घोटाला, कोयला घोटाला और महादेव सट्टा ऐप मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम सामने आया था, जिसके बाद से ही वे ईडी के रडार पर थे।

### ईडी की कार्रवाई पर भूपेश बघेल का बयान

ईडी की कार्रवाई को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो आज श्वष्ठ के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है,

## ईडी की कार्रवाई से गरमाई सियासत, 11 मार्च को कांग्रेस प्रदेशभर में करेगी भाजपा का पुतला दहन

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर प्रवर्तन निदेशालय की दबिश के बाद कांग्रेस में रोष व्याप्त है। पार्टी ने 11 मार्च को प्रदेशभर में ईडी और भाजपा का पुतला दहन करने का ऐलान किया है।



## ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को जारी किया समन, मंगलवार को होगी पूछताछ

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को समन जारी किया है। उन्हें मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी ने संपत्ति को लेकर जांच की है, दस्तावेज भी मिले. एजेंसी कोई भी दस्तावेज लेकर नहीं गई है। बघेल ने बताया कि छापेमारी के दौरान 33 लाख रुपये कैश मिला है। बघेल ने कहा कि उनके यहां डेढ़ सौ एकड़ से ज्यादा की जमीन है। डेयरी का कारोबार है। उन्होंने कहा कि ये रुपये परिवार के सभी सदस्यों के अलावा कारोबार से जुड़े हैं।

## भाजपा के राष्ट्रीय चरित्र द्वेषपूर्ण राजनीति का एक और उदाहरण

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा,छत्तीसगढ़िया पूर्व मुख्यमंत्री एआईसीसी राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के घर पर ईडी की कार्रवाई सत्तारुढ भाजपा के राष्ट्रीय चरित्र द्वेषपूर्ण राजनीति का एक और उदाहरण है। भाजपा ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी एजेंसियों को विपक्ष के नेताओं को डराने और दबाने के लिए इस्तेमाल कर रही है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग अपने राजनितिक लाभ के लिये कर रही है, जो लोकतंत्र के लिये खतरा है, ये गलत परम्परा है।

चरणदास महंत ने कहा, सभी कांग्रेसजन भूपेश बघेल के साथ है और इससे डरने वाले नहीं हैं,बापू के मार्गदर्शन सत्य अहिंसा को मानने वाले लोग है इस संघर्ष को परास्त करके रहेंगे।

### लोकतंत्र पर हमला बर्दाश्त नहीं : टीएस सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम के रूप में कार्य कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हमारे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध की गई दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई का हम कड़ा विरोध करते हैं। यह लोकतंत्र की सीधी हत्या है और विपक्ष की आवाज़ को दबाने का सुनियोजित प्रयास है।उन्होंने कहा कि मैं स्वयं इस अन्याय के विरोध में धरातल पर उतरते हुए भिलाई के लिए रवाना हो गया हूं। मैं इस विषय को लेकर पार्टी के विधायकों,वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन के अन्य जिम्मेदार साथियों के सतत संपर्क में हूं और हम सब एकजुट होकर इस लोकतांत्रिक लड़ाई को लड़ेंगे। यह सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला नहीं,बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे और जनता की आवाज़ पर हमला है।

## 11 घंटे की छापे के बाद ईडी की रेड खत्म

### रायपुर लौटे अफसर,भूपेश बघेल बोले सब षड्यंत्र का हिस्सा,बताया तलाशी में क्या मिला



प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पदुमनगर भिलाई तीन निवास पर छापा की कार्यवाही के बाद रायपुर रवाना हो गई। इसके बाद भूपेश बघेल अपने बंगले से निकलकर बाहर आकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा घबरा गई है। बघेल ने बताया ईडी के पास किसी तरह का कोई सबूत नहीं है, यह सब षड्यंत्र का हिस्सा है। कांग्रेस पार्टी और मेरे खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, ईडी अधिकारियों को मेरे निवास से कुछ नहीं मिला है। मेरे घर की तलाशी में मंतूराम और पुनीत गुप्ता के बातचीत की पेनड्राइव मिली है। अभिषेक सिंह के कंपनी का बांड पेपर मिला है, जिसका नाम सुनते ही छोड़ दिया गया। कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की कोशिशें हो रही है। बघेल ने कहा, सुबह-सुबह ईडी की टीम मेरे घर पहुंची, मैं घर पर उस वक्त चाय पीते हुए अखबार पढ़ रहा था। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि हम सर्च करने आए हैं। मैंने कहा कि सर्च वारंट कहां है। ईडी के अधिकारियों ने कहा, लेकर आ रहे हैं। बघेल ने कहा, कवासी लखमा ने सदन में सवाल पूछ लिया था तो उसके घर ईडी की टीम आ गई थी, एक सवाल मैंने पूछ लिया था तो मेरे घर ईडी की टीम आ गई।

## भूपेश बघेल के अलावा औरों के यहां भी ईडी के छापे

### सीएम साय बोले...कांग्रेस सरकार में हुए घोटालों की जांच कर रही सेंट्रल एजेंसियां

सीएम विष्णुदेव साय ने छापे को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 5 साल की सरकार में तरह-तरह के घोटाले हुए,उसकी जांच सेंट्रल एजेंसियां कर रही है। कई लोग जेल के अंदर भी हैं। ईडी सेंट्रल एजेंसी है, उससे हमारा कोई लेना देना नहीं है। सीएम साय ने इस मामले में हुए सवाल पर कहा कि सभी जानते हैं कि कांग्रेस की सरकार में कई घोटाले हुए थे। केंद्रीय एजेंसियां इनकी जांच कर रही हैं। ईडी की जांच भी चल रही है और इस मामले में प्रदेश का कोई दखल नहीं है। डिप्टी सीएम अरुण साव की भी इसी लाइन पर ही प्रतिक्रिया आई थी कि ईडी की जांच में नया तथ्य आया होगा, इसलिए एजेंसी ने यह कदम उठाया।








प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)